# स्पष्ट आवाज़

लखनऊ

गुरुवार, 29 फरवरी, 2024 वर्ष : 20, अंक: 244 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्यः ₹ 3




सरकार की निगाह में किसानों की विशेष जगह ...पेज-12


Stallion Honda
MG Autosales Pvt. Ltd.
Ayodhya Road, Lucknow

Top Reasons to Buy All New Honda Elevate
- World famous iVTEC petrol engine
- Best in segment High Ground Clearance of 220 mm
- 3 Yeare unlimited KMs of warranty & also 10 Years Any Time Warranty
- Level-2 ADAS ADVANCED DRIVER ASSISTANCE SYSTEM
- Best in class cabin space with 2650 mm wheelbase and 458 Ltrs of Boot Space
- Honda Connect with Smart Watch and Alexa connectivity.

ELEVATE
Starts from ₹11 57 900*



HONDA
The Power of Dreams

/stallionhonda

Showroom (1S) : CP 5, Vikrant Khand, Gomtinagar, Ayodhya Road, Lucknow - 226010
Service (3S) : Anaura, After Indira Canal, Ayodhya Road, NH-28, Lucknow
Sales: +91 7897222000 ,+918009809995 I Service: +91 8009090093



आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)



सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219, 9455555965, 9415133977


# सत्य कड़वा होता है, लेकिन जरूरी भी :पीएम मोदी

- दशकों से यहां की मांग थीं लाई गई परियोजनाएं
- इसरो के नए प्रक्षेपण परिसर का पीएम ने किया शिलान्यास

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के थूथुकुडी में 17,000 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी। इस दौरान पीएम ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सत्य कड़वा होता है, लेकिन सत्य जरूरी भी होता है। जो प्रोजेक्ट्स मैं आज लेकर आया हूं, ये दशकों से यहां के लोगों की मांग थी। वह बुधवार को तमिलनाडु के थूथुकुडी में 17,300 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थूथुकुडी में हरित नौका पहल के तहत भारत के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन ईंधन सेल अंतर्देशीय जलमार्ग जहाज को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद, थूथुकुडी के निकट कुलसेकरापट्टिनम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नए प्रक्षेपण परिसर का शिलान्यास किया, जिसकी लागत लगभग 986 करोड़ रुपये है। बताया जा रहा है इसके बनकर तैयार होने पर यहां से प्रति वर्ष 24 प्रक्षेपण किए जा सकेंगे। इसरो के इस नए परिसर में च्मोबाइल लॉन्च स्ट्रक्चरज् (एमएलएस) तथा 35 केंद्र शामिल हैं। इससे अंतरिक्ष अन्वेषण क्षमताओं को बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि वह तमिलनाडु सहित पूरे देश की जनता को एक कड़वा सत्य बताना चाहते हैं, बड़े दुख के साथ, सत्य कड़वा होता है लेकिन सत्य जरूरी भी होता है। मैं यूपीए सरकार पर सीधा-सीधा आरोप लगा रहा हूं। मैं आज जो प्रोजेक्ट लेकर आया हूं, वो यहां के लोगों की दशकों से मांग थी। आज जो यहां सत्ता में बैठे हैं, वे लोग उस समय दिल्ली में सरकार चलाते थे, लेकिन उनको आपके विकास की परवाह नहीं थी। बातें तमिलनाडु की करते हैं लेकिन तमिलनाडु की भलाई के लिए कदम उठाने की हिम्मत नहीं थी। आज मैं तमिलनाडु की धरती पर इस राज्य का भाग्य लिखने के लिए एक सेवक बनकर आया हूं। उन्होंने कहा कि आज की विकास परियोजनाओं में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना देखी जा सकती है।



प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भले ही परियोजनाएं थूथुकुडी में हों, इससे पूरे भारत में कई स्थानों पर विकास को गति मिलेगी। उन्होंने दो साल पहले की अपनी यात्रा को याद किया जब उन्होंने चिदंबरनार बंदरगाह की क्षमता के विस्तार के लिए कई परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाई थी और इसे शिपिंग का एक प्रमुख केंद्र बनाने का अपना वादा किया था। वह गारंटी आज पूरी हो रही है। वीओ चिदंबरनार बंदरगाह पर आउटर हार्बर कंटेनर टर्मिनल की आधारशिला के बारे में बात करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि इस परियोजना में 7,000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। आज 900 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया है और 13 बंदरगाहों पर 2500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की गई है। इन परियोजनाओं से तमिलनाडु को फायदा होगा और राज्य में रोजगार के रास्ते खुलेंगे। प्रधानमंत्री ने याद दिलाया कि वर्तमान सरकार द्वारा लाई जा रही आज की विकास परियोजनाएं लोगों की मांगें हैं और पिछली सरकारों ने कभी इस पर ध्यान नहीं दिया। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं इस भूमि की सेवा के लिए और इसका भाग्य बदलने के लिए तमिलनाडु आया हूं। हरित नौका पहल के तहत भारत के पहले हाइड्रोजन ईंधन सेल अंतर्देशीय जलमार्ग जहाज के बारे में बात करते हुए मोदी ने इसे काशी के लिए तमिलनाडु के लोगों का उपहार बताया। उन्होंने मन की बात के एक एपिसोड के दौरान देश के प्रमुख प्रकाशस्तंभों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने के अपने सुझाव को याद किया और 10 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में 75 प्रकाशस्तंभों में पर्यटक सुविधाएं समर्पित करने पर गर्व व्यक्त किया।

## संक्षिप्त आवाज़

### 790 अंक लुढ़का सेंसेक्स



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 790 अंक का गोता लगा गया। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज और बैंक शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 790.34 अंक यानी 1.08 प्रतिशत टूटकर 72,304.88 अंक पर बंद हुआ। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 247.20 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,951.15 अंक पर बंद हुआ।

### दो साल में हो जाएगा तैयार प्रक्षेपण परिसर : सोमनाथ

चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुलसेकरापट्टिनम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नए प्रक्षेपण परिसर का शिलान्यास भी किया। जानकारी के अनुसार, इसरो के नए प्रक्षेपण परिसर की लागत लगभग 986 करोड़ रुपये है। इसके बनकर तैयार होने पर यहां से हर साल 24 प्रक्षेपण किए जा सकेंगे। इसरो के इस नए परिसर में च्मोबाइल लॉन्च स्ट्रक्चरज् (एमएलएस) तथा 35 केंद्र भी शामिल हैं। इससे अंतरिक्ष अन्वेषण क्षमताओं को बढ़ाने में मदद मिलेगी। पीएम मोदी द्वारा दूसरे स्पेसपोर्ट लॉन्च कॉम्प्लेक्स की आधारशिला रखे जाने पर इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने कहा कि भूमि अधिग्रहण पूरा हो चुका है।

### शाहजहां शेख को कोई भी कर सकता है गिरफ्तारः एचसी

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता शेख शाहजहां की गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं है। बता दें कि 5 जनवरी के बाद से ही शेख शाहजहां फरार चल रहे हैं। कलकत्ता एचसी ने कहा कि उसने केवल ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच के लिए सीबीआई और राज्य पुलिस की संयुक्त एसआईटी के गठन पर रोक लगाई है। हाईकोर्ट ने आगे कहा कि संदेशखाली के फरार टीएमसी नेता शाहजहां शेख को सीबीआई, ईडी या पश्चिम बंगाल पुलिस गिरफ्तार कर सकती है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को निर्देश दिया कि महिलाओं पर यौन अत्याचार और संदेशखाली में जमीन हड़पने के मुख्य आरोपी तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख को सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) या पश्चिम बंगाल पुलिस कोई भी गिरफ्तार कर सकता है।

### ईडी का देशभर में 15 से ज्यादा ठिकानों पर छापा

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऐप घोटाला मामले में बुधवार को देशभर में 15 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की यह छापेमारी दिल्ली-एनसीआर, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र के मुंबई में चल रही है। ईडी ने इस केस से जुड़े धनशोधन के मामले में रायपुर की एक विशेष अदालत में नया आरोपपत्र दायर किया था। ईडी ने अबतक इस मामले 9 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें कथित तौर पर छत्तीसगढ़ के उच्चपदस्थ राजनेता और नौकरशाह हैं।

# यूपी की सभी 80 सीटें जीतना हमारा लक्ष्य

- जनता का शासन जनता के सुझावों से ही होता है प्रारंभ
- मुख्यमंत्री ने विकसित भारत मोदी की गारंटी पेटिका अभियान का किया शुभारंभ



**लखनऊ।** माहौल हमारे अनुकूल है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के काम, उनका नाम और नेतृत्व के साथ ही इस बार भगवान श्रीराम का भी आशीर्वाद हमारे साथ है। ऐसे में इस बार 80 में से 80 लोकसभा सीटें जीतने के संकल्प के साथ हमें आगे बढ़ना है। साथ ही यह भी ध्यान रखना है कि हम अति आत्मविश्वास में ना रहें। हमें अपनी बूथ संरचना को और सुदृढ़ करते हुए जनता के साथ बेहतर संवाद को और अधिक प्रगाढ़ करना है। याद रहे राजनीतिक दलों के व्यवहार और कार्यपद्धति को जनता हमेशा नोट करती है और वक्त आने पर जवाब भी देती है। पार्टी का प्रत्याशी मतलब कमल का फूल, हमें बस यही मानकर चलना है। ये बातें बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीजेपी प्रदेश कार्यालय में आयोजित विकसित भारत %मोदी की गारंटी% पेटिका अभियान के शुभारंभ के दौरान कही। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य सहित बीजेपी नेताओं की मौजूदगी में सीएम योगी ने इस अभियान को शुरू किया है। इसके अंतर्गत विकसित भारत %मोदी की गारंटी% पेटिका को बीजेपी कार्यकर्ता घर-घर लेकर जाएंगे और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र के लिए सुझाव मांगेंगे। इसके अलावा पार्टी की ओर से मिस्ड कॉल अभियान की भी शुरूआत की गई है। इसमें 9090902024 पर मिस्ड कॉल के जरिए भी पार्टी के संकल्प पत्र के लिए जनता से सुझाव आमंत्रित किये जाएंगे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव जीतने का एक ही तरीका है, हम अपने बूथ पर ध्यान दें। बूथ जीते तो सब जीते। बूथ पर हम जितना सशक्त और सामर्थ्यवान हैं, परिणाम उतना ही अनुकूल आएगा। हमारे संगठन का दायरा बढ़ा है। ऐसी स्थिति में हमें भाजपा के पक्ष में 80 में से 80 सीटें प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि बीजेपी का कार्यकर्ता संकल्पित होकर आगे बढ़ेगा तो इस परिणाम को कोई रोक नहीं सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि सच्चा लोकतंत्र वही है, जहां जनता का शासन, जनता के द्वारा, जनता के लिए होता है और जनता का शासन जनता के सुझावों से ही प्रारंभ होता है। उन्होंने कहा कि बीजेपी घोषणा पत्र नहीं, बल्कि संकल्प पत्र के साथ जनता के पास जाती है। जनता को जनार्दन के रूप में मान्यता देकर हम उसकी उपासना और सेवा करते हैं। जनता की अपेक्षाओं को अपने जीवन का संकल्प मानकर अगले 5 साल की कार्ययोजना बनाते हैं और उसी पर कार्य करते हैं।



## व्यास जी तहखाने में नमाज रोकने को लेकर याचिका दाखिल


**प्रयागराज।** ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित %व्यास जी का तहखाना% की छत पर प्रवेश रोकने की मांग करते हुए हिंदू पक्ष ने आज वाराणसी जिला अदालत में एक नई याचिका दायर की। इसमें कहा गया कि छत 500 साल पुरानी होने के कारण दुर्घटना की आशंका है। वादी राम प्रसाद सिंह की ओर से दायर याचिका में हिंदू पक्ष ने लोगों को छत पर नमाज पढ़ने से रोकने की भी मांग की है। इसमें छत की मरम्मत करने को कहा गया क्योंकि जब श्रद्धालु प्रतिबंधित क्षेत्र के अंदर पूजा कर रहे होंगे तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ताजा घटनाक्रम में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा जिला अदालत के 31 जनवरी के आदेश को चुनौती देने वाली एक याचिका को खारिज करने के दो दिन बाद आया, जिसने हिंदुओं को दक्षिणी तहखाने में पूजा करने की अनुमति दी थी। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की एकलपीठ ने अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई की।

# मोदी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

- यह योजना एक दिसंबर, 2018 से चालू है

**नई दिल्ली।** केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे किसानों के खातों में डाली जा चुकी है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को यह बात कही। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एक केंद्रीय योजना है, जिसमें भारत सरकार सौ प्रतिशत योगदान देती है। यह योजना एक दिसंबर, 2018 से चालू है। योजना के तहत, जिन किसानों के पास खेत हैं, उन्हें तीन समान किस्तों में हर साल 6,000 रुपये दिए जाते हैं। यह धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाती है। शाह ने च्एक्सज् पर लिखा कि च्प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। आज मोदी जी च्प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधिज् की 16वीं किस्त के तहत 21 हजार करोड़ से अधिक की राशि नौ करोड़ से



अधिक किसानों को सीधे उनके बैंक खातों में भेजेंगे। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से अब तक करोड़ों किसानों को फायदा हुआ है।

उन्होंने आगे लिखा, अबतक च्प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधिज् से करोड़ों किसान लाभान्वित हुए हैं। उन्हें तीन लाख करोड़ से अधिक की राशि सीधे प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से दी गई है। डीबीटी के जरिये भुगतान करने वाली यह दुनिया की सबसे बड़ी योजना है। शाह ने कहा कि यह योजना किसानों के जीवन को आसान बनाने और कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में ऐतिहासिक साबित हुई है।

# कांग्रेस सरकार गिराना मोदी की गारंटी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले हिमाचल में कांग्रेस की सुक्खू सरकार पर खतरा मंडरा रहा है। राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के छह विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी, जिसके बाद अटकलें लगाई जा रही है कि क्या राज्य में कांग्रेस की सरकार गिरने वाली है। राज्य में पार्टी की स्थिति पर नजर रखने के लिए आलाकमान ने दो पर्यवेक्षक, डीके शिवकुमार, भूपेंद्र सिंह हुड्डा को शिमला भेजा। इस पूरे मामले को लेकर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार गिराना ही मोदी की गारंटी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार, हरियाणा के पूर्व सीएम भूपिंदर सिंह हुड्डा और हमारे प्रभारी राजीव शुक्ला वहां हैं। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष से बात की है। उन्होंने सभी विधायकों से मिलकर उनकी शिकायतों और मांगों को सुनने को कहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि



क्रॉस वोटिंग हुई। लेकिन कांग्रेस सरकार को गिराने की साजिश हुई। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन लोटस से निपटने के लिए पार्टी को क्या कदम उठाने हैं- कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने इन वरिष्ठ सहयोगियों से कहा है कि वे सभी से मिलें और उनकी बातों को सुनें और उन्हें बताएं यथाशीघ्र रिपोर्ट करें। उन्होंने कहा कि सभी की बात सुनने के बाद जल्द से जल्द पर्यवेक्षकों द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष को एक रिपोर्ट सौंपी जाएगी। उसके आधार पर पार्टी अध्यक्ष और अन्य नेताओं से बात कर आगे कदम जरूर उठाया जाएगा। हो सकता है कि कुछ कठोर निर्णय लेने पड़ें लेकिन हम उससे पीछे नहीं हटेंगे। संगठन सर्वोपरि है। कांग्रेस पार्टी सर्वोच्च है। उन्होंने कहा कि क्रॉस वोटिंग दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारे पर्यवेक्षक अपनी रिपोर्ट में इस पर चर्चा करेंगे। लेकिन अभी हमारी प्राथमिकता अपनी कांग्रेस सरकार को बचाना है क्योंकि दिसंबर 2022 में कांग्रेस पार्टी को स्पष्ट जनादेश मिला था। उन्होंने का कि हिमाचल प्रदेश की जनता ने पीएम, जगत प्रकाश नड्डा, अनुराग ठाकुर और जयराम ठाकुर को खारिज कर दिया था। जनादेश कांग्रेस पार्टी के लिए था...इसलिए इस जनादेश का सम्मान किया जाना चाहिए...मोदी सरकार की एक ही गारंटी है- सभी कांग्रेस सरकारों को गिरा दो। हम ऐसा नहीं होने देंगे।

## 12 आईएएस अधिकारियों के तबादले

लखनऊ। शासन ने बुधवार को सात आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। आईएएस अधिकारी बाबूलाल मीना को प्रमुख सचिव उद्यान व रेशम बनाया गया है, रविंद्र कुमार को प्रमुख दुग्ध एवं पशुधन विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शासन की ओर से रजनीश दूबे को राजस्व परिषद का अध्यक्ष बनाया गया है। राजेश कुमार सिंह प्रमुख सचिव सहकारिता बनाए गए लेकिन वह प्रमुख सचिव कारागार भी बने रहेंगे। इसके अतिरिक्त आईएएस अधिकारी बलकार सिंह को आवास आयुक्त, पी. गुरु प्रसाद को प्रमुख सचिव राजस्व, रणवीर प्रसाद को एमडी विद्युत उत्पादन निगम , आदर्श सिंह को आबकारी आयुक्त, राजशेखर को एमडी जल निगम (ग्रामीण) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईएएस विमल दुबे मंडलायुक्त झांसी बने। आईएएस चैत्रा वी मंडलायुक्त अलीगढ़ बनाई गईं। तबादलों के इस क्रम में आईएएस मनोज कुमार सिंह से उद्यान विभाग का चार्ज हटाया गया।

# अखिलेश को सीबीआई का समन

## खनन मामले में गवाह के तौर पर किया गया तलब

लखनऊ। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को अवैध खनन मामले में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन (सीबीआई) ने गवाह के तौर पर तलब किया है। उन्हें कल (29 फरवरी) को दिल्ली में सीबीआई के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया है। बताया जा रहा है कि तत्कालीन सपा सरकार में साल 2012 -13 में प्रदेश में हुए खनन घोटाले को लेकर चल रही जांच में अब तक 11 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई थी। गौरतलब है कि इस मामले से जुड़ी रहीं आईएएस बी चद्रकाला के ठिकानों पर भी रेड की कार्रवाई को अंजाम दिया गया था। इस घोटाले के समय अखिलेश यादव प्रदेश के मुख्यमंत्री थे और आरोप है कि इस दौरान खनन के कई लाइसेंस अपने करीबियों को फायदा पहुँचाने के लिए सरकार की तरफ से दिए गए। सीबीआई ने



अवैध खनन मामले में 29 फरवरी को अखिलेश यादव को तलब किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि पिछले चुनाव से पहले भी एक नोटिस आया था और इस चुनाव में भी एक नोटिस आया है। सीबीआई की इस नोटिस को लोकसभा चुनाव से भी जोड़कर देखा जा रहा है। अखिलेश यादव अक्सर कहते रहे हैं कि उन्हें कांग्रेस की सरकार ने पहले ही सीबीआई क्लब में डाल दिया है और अब भाजपा भी वही काम कर रही है।

## लोगों के अधिकार को कुचलना चाहती है भाजपाः प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी लोगों के अधिकार को कुचलना चाहती है और बहुमत को चुनौती दे रही है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा हिमाचल प्रदेश को राजनीतिक आपदा में धकेलना चाहती है। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, लोकतंत्र में आम जनता को अपनी पसंद की सरकार चुनने का अधिकार है। हिमाचल की जनता ने अपने इसी अधिकार का इस्तेमाल किया और स्पष्ट बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनाई। लेकिन भाजपा धनबल, एजेंसियों की ताकत और केंद्र की सत्ता का दुरुपयोग करके हिमाचल वासियों के इस अधिकार को कुचलना चाहती है। उन्होंने दावा किया कि इस मक़सद के लिए जिस तरह भाजपा सरकारी सुरक्षा और मशीनरी का इस्तेमाल कर रही है, वह देश के इतिहास में अभूतपूर्व है।

# दस सालों में किन-किन राज्यों में हुआ 'खेला'

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश की सियासत में भूचाल आ गया है। राज्यसभा चुनाव के बाद प्रदेश की सुक्खू सरकार पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। देवभूमि में राज्यसभा की एक सीट गंवाने के बाद प्रदेश सरकार संकट में आ गई है। दरअसल, राज्यसभा चुनाव के दौरान मंगलवार को जमकर क्रॉस वोटिंग हुई है। 40 विधायक होने के बावजूद कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी को 34 वोट मिले, जबकि 25 सीटों वाली बीजेपी भी 34 वोट ले गई। बीजेपी नेता और पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार के पास बहुमत नहीं है और बीजेपी जल्द ही सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएगी। बीजेपी ने कहा कि कांग्रेस ने मतदान प्रक्रिया को प्रभावित



किया है। बता दें कि देश में इससे पहले भी कई बार सरकार गिर चुकी हैं।

**बिहार में गिरी सरकार**

बिहार की सत्ता में कई बार निजाम बदलता रहा है। नीतीश कुमार ने साल 2015 में पहली बार लालू यादव की पार्टी राजद और कांग्रेस के साथ महागठबंधन कर सरकार बनाई थी। हालांकि, करीब दो साल में ही नीतीश कुमार का महागठबंधन के साथ मोहभंग हो गया और उन्होंने एनडीए के साथ सरकार बना ली।

2020 में हुए विधानसभा चुनाव में जदयू और एनडीए की सरकार सत्ता में आई, लेकिन नीतीश ने एक बार फिर 2022 में राजग का दामन थाम लिया और महागठबंधन के साथ सरकार बना ली। दो साल बाद नीतीश फिर एनडीए में आ गए और महागठबंधन की सरकार गिर गई।

**कर्नाटक में सत्ता पलट**

2018 के चुनाव में हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनने के बावजूद सरकार नहीं बना सकी थी। कांग्रेस ने तीसरे नंबर की पार्टी जदएस के साथ मिलकर सरकार का गठन .किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता येदियुरप्पा को सीएम बनाया गया, लेकिन वे फ्लोर टेस्ट में हार मिलने के कारण उन्होंने इस्तीफा दे दिया। कांग्रेस ने बड़ी चाल चलते हुए जदएस को सीएम का पद दिया और फिर सरकार बनाई। हालांकि, कुछ ही महीनों बाद यहां भी खेला हो गया। गठबंधन के 16 विधायकों ने इस्तीफा दे दिया। सरकार अल्पमत में आ गई। विश्वास मत हासिल ना कर पाने के कारण कांग्रेस-जदएस सरकार गिर गई और बीजेपी ने सरकार का गठन किया।

**एमपी की कमलनाथ सरकार**

साल 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस छोड़ बीजेपी में शामिल हो गए थे। सिंधिया के साथ कई विधायकों ने भी कांग्रेस का साथ छोड़ दिया। सिंधिया के पाला बदलने के बाद कमलनाथ सरकार अल्पमत में गई। कांग्रेस की सरकार गिर गई और शिवराज सिंह चौहान फिर मुख्यमंत्री बने।

**महाराष्ट्र में गई उद्धव ठाकरे की कुर्सी**

महाराष्ट्र में भी राज्यसभा चुनाव के बाद महाविकास आघाड़ी सरकार गिर गई थी। साल 2022 में महाराष्ट्र की 6 सीटों पर हुए राज्यसभा चुनाव में बीजेपी ने तीन सीटें जीत ली थी। चुनाव के नतीजों से महाविकास आघाड़ी गठबंधन में शामिल शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा था। राज्यसभा चुनाव के कुछ दिन बाद ठाकरे सरकार में बगावत हो गई थी। एकनाथ शिंदे गुट के विधायकों ने बगावत कर उद्धव सरकार गिरा दी। कुछ दिन बाद शिंदे गुट और बीजेपी ने मिलकर सरकार बनाई।

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को लगाई फटकार, कहा

# इलाज के सही रेट तय करें नहीं तो सरकारी रेट लगा दूंगा..!

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने प्राइवेट अस्पतालों के इलाज रेट पर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को प्राइवेट अस्पतालों के जरिए वसूले जाने वाले मनमानी पैसों को लेकर नाराजगी व्यक्त की है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इस असमानता पर चिंता व्यक्त की और केंद्र सरकार को 14 साल पुराने कानून को लागू करने में नाकाम रहने के लिए फटकार लगाई। यह कानून है क्लिनिकल स्थापना नियम (केंद्र सरकार)। इस कानून के अनुसार, राज्यों के साथ विचार-विमर्श करके महानगरों, शहरों और कस्बों में इलाज और बीमारियों के इलाज के लिए एक मानक



दर तय की जानी चाहिए थी। जानकारी अनुसार, सुनवाई के दौरान सरकार ने अदालत को बताया कि उसने बार-बार राज्यों को इस मुद्दे पर लिखा है, लेकिन उनकी तरफ से कोई जवाब नहीं आया है। अदालत ने केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव को एक महीने के अंदर मानक दर अधिसूचित करने के लिए राज्यें के अधिकारियों संग बैठक बुलाने को कहा। सुप्रीम कोर्ट ने साफ-साफ कहा कि अगर केंद्र सरकार इस मामले का हल खोजने में विफल रहती है, तो हम याचिकाकर्ता की सीजीएचएस- निर्धारित मानक दरों को लागू करने की याचिका पर विचार करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में सात घायल

**भरुआ सुमेरपुर।** मंगलवार को रात करीब 8 बजे मुण्डेरा मार्ग में भौनिया मोड़ के पास बाइक सवार और साइकिल सवारों के मध्य टक्कर हो गई। इस घटना में बाइक सवार गंगा प्रसाद पौथिया, अरविंद चंदौखी तथा साइकिल सवार मुन्नीलाल, अनिल कुमार निवासी भौनिया घायल हो गए। सभी को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। दूसरी घटना हाईवे में फैक्ट्री एरिया के समीप हुई कबरई से गिट्टी लादकर कानपुर जा रहा डम्फर आगे जा रहे डम्फर से भिड़ गया। इस घटना में चालक विनोद कुमार हेल्पर प्रदीप कुमार मामूली रूप से चुटहिल हो गए। तीसरी घटना बुधवार को सुबह 11:00 बजे हाईवे में तपोभूमि पुल के ऊपर हुई। कस्बा निवासी विजयपाल बाइक से पुत्र की शादी के कार्ड बांटने मौदहा जा रहा था। पुल के ऊपर इसको अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। इस घटना विजयपाल के हाथ पैर टूट गए हैं। राहगीरों ने इसको अस्पताल पहुंचाया।

### भाजपा का अनुसूचित जनजाति मोर्चा आयोजित




**कानपुर।** बुंदेलखंड क्षेत्र कार्यालय में स्वागत समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल प्रदेश अध्यक्ष संजय गौड़ प्रदेश मंत्री लाल सिंह गिहार और तमाम प्रदेश के पदाधिकारी मौजूद रहे। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया की हम सभी को बिना किसी भेदभाव के सारी जातियों का सामान लेकर चलना है, साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं को उत्साहित किया कि वह पार्टी के प्रति समाज सेवा करने का प्रयत्न करें, सम्मान समारोह में कानपुर दक्षिण से रामबाबू गिहार जी को जिला अध्यक्ष का पद दिया वा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष रजनीश कंजर, महामंत्री अजय बाबा, मीडिया प्रभारी सुमित कुमार एवं तमाम पदाधिकारी को सम्मान दिया गया।

### वरासत दर्ज न होने से किसान वंचित



**भरुआ सुमेरपुर।** बुधवार को पूर्व सभासद शिवाकांत तिवारी, नईम अख्तर के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपकर वरासत दर्ज कराकर ओलावृष्टि में हुई क्षति का मुआवजा दिलाने की मांग की है। कस्बे के चकबंदी प्रक्रिया अपूर्ण होने तथा वरासत में रोक लगाने के बाद कस्बे के सैकड़ो मृत किसानों के वारिसान सरकारी मदद पाने से वंचित हो जाते हैं। बुधवार को पूर्व सभासद शिवाकांत तिवारी, नईम अख्तर के साथ किसान अशोक सिंह, विजयपाल, कैलाश यादव, कृष्णकांत तिवारी, रज्जन देवी, विनोद कुमार, रईस अहमद आदि किसानों ने मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर वरासत कराकर क्षतिपूर्ति दिलाने की गुहार लगाई है। किसानों का कहना है की वरासत न होने से किसान सम्मान निधि के अलावा अन्य किसी तरह की सरकारी सुविधा नहीं प्राप्त हो रही है। साथ ही वरासत दर्ज न होने से गत 20 फरवरी को हुई ओलावृष्टि से हुए नुकसान का लाभ नहीं मिल पाएगा।

### भारी भरकम गढ्ढों में है इंगोहटा छानी मार्ग



**भरुआ सुमेरपुर।** गत वर्ष सितंबर माह में मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि प्रदेश की सभी सड़कों को दो माह में गड्ढा मुक्त किया जाएगा। वर्ष भी गुजर गए घोषणा के वह माह भी गुजर गए लेकिन ध्वस्त पड़े छानी इंगोहटा मार्ग का एक भी गड्ढा नहीं भरा गया। मार्ग की हालत खस्ता होने के कारण लोग इस मार्ग से निकलने में कतराने लगे हैं। इस मार्ग के किनारे बसी ग्राम पंचायत के प्रधानों ने समस्या से सांसद, विधायक, प्रदेश सरकार के मंत्रियों को लिखित में अवगत कराया है लेकिन परिणाम ढांक के तीन पात रहा और सड़क की हालत नहीं बदले हैं। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता रामकिशोर ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है मार्च माह में कार्य शुरू कराया जाएगा।

### अधूरी कालोनियां, एसडीएम ने लगाई फटकार




**भरुआ सुमेरपुर।** ब्लॉक की सबसे बड़ी आबादी वाली ग्राम पंचायत इंगोहटा के विकास कार्यों को देखने पहुंचे एसडीएम एवं प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी शांतनु कुमार का पारा उस वक्त चढ़ गया, जब उन्होंने दो दर्जन से अधिक कालोनियां अधूरी पाईं। एसडीएम ने सभी कालोनियों का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने के निर्देश लाभार्थियों और ग्राम पंचायत सचिव को दिए हैं। उन्होंने लाभार्थियों से कहा कि निर्माण तुरंत पूर्ण करें। यदि किसी की किस्त नही आई है तो तत्काल सूचित करें ताकि उसका समाधान किया जा सके। ग्रामीणों ने पांच दिन से पेयजल की सप्लाई ठप होने की शिकायत की तो उन्होने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुरू प्रताप सिंह, सचिव अमित कुमार सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।,

### हाईवे पर बाइक सवार की कुचलकर मौत

**हमीरपुर।** नेशनल हाईवे 34 में मौदहा कस्बे के बड़े चौराहे के पूर्व पाटनपुर मोड़ में एक ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने घटना करके भाग रहे वाहन को कब्जे में ले लिया है। हालांकि इसी बीच ट्रक का चालक मौका देखकर फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि समय करीब 1.30 बजे बलराम कुशवाहा 62 वर्ष पुत्र रामसेवक निवासी ग्राम मकरांव अपने घर से मोटर साइकिल से मौदहा की तरफ आ रहे था तभी कबरई की तरफ से आ रहे ट्रक से बड़े चौराहे के पहले पाटनपुर मोड़ बीएसएनएल टॉवर के पास एक्सीडेंट हो गया। जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

### दिल्ली से दबोचा हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर



**कानपुर।** फरार चल रहे इनामी हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर बर्रा थाने से धारा 307 से जुड़े मामले में वांछित चल रहा था। पुलिस अजय को दिल्ली से कानपुर ला रही है। बता दें, पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। सुराग न मिलने पर इनाम की राशि को बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दिया गया था। अपना दल एस के तीसरी बार के जिलाध्यक्ष बने नवीन श्रीवास्तव के स्वागत में बर्रा में बाइक रैली निकाली गई थी। रैली पर बर्रा थानाक्षेत्र के जरौली फेज एक में गैंगस्टर और हिस्ट्रीशटर अजय ठाकुर की गली में पहुंची तो वहां अजय और रैली निकाल रहे गुट के बीच विवाद हो गया था। गाली गलौज का कुछ कार्यकर्ताओं ने विरोध किया तो अजय ने अन्य गुर्गों के साथ मिलकर जानलेवा हमला कर दिया था। हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर ने अपने गुर्गे शिवांश ठाकुर, अभय भदौरिया, आकाश द्विवेदी, शिवम सोनकर, साहिल सोनकर उर्फ शेरा व गौतम मोगा ने मारपीट व पथराव किया था। जिसमें चार लोग घायल हुए थे और एक दर्जन से ज्यादा वाहन क्षतिग्रस्त हुए थे।

### साइबर हेल्प डिस्क के रूम का हुआ उद्घाटन



**औरास उन्नाव।** औरास थाना परिसर में शासन के निर्देश पर साइबर हेल्प डेस्क के रूम का उद्घाटन किया गया वहीं साइबर हेल्प डेस्क के रूम का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के औरास के मंडल अध्यक्ष बृजेश त्रिपाठी ने फीता काट कर किया वही उनके साथ औरास थाना प्रभारी रेखा सिंह भी मौजूद रही वहीं थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों को साइबर अपराध से बचने के अनेकों गुर भी बताएं।

# चेक बाउंसिंग में 13.84 करोड़ रुपए का 'चूना'

## हाउस टैक्स वसूली में बकायेदारों ने नगर निगम को दिया चकमा




**आशुतोष मिश्र 'रुद्र'**

**कानपुर।** हाउस टैक्स वसूली में बड़े बकाएदारों की 'होशियारी' में नगर निगम के सरकारी खजाने को तकरीबन 13.84 करोड़ रुपए का झटका पहुंचा है। टैक्स वसूली का प्रेशर होने पर कुर्की और सीजिंग की कार्यवाही से बचने के लिए तमाम उपभोक्ताओं ने मौके पर अफसरों को चेक थमा कर चलता कर दिया। बाद में ऐसा तिकड़म किया कि खाते में लगाते ही चेक बाउंस हो गईं।

चेक बाउंसिंग के एक साल के आंकड़े सामने आने के बाद नगर निगम अफसर भी हैरान-परेशान हैं। लेखा विभाग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने सभी जोनल अधिकारियों से चेक बाउंसिंग के बदले फॉलोअप रिपोर्ट मांगी है।

**मेहनत पर फिरा पानी ...**

31 मार्च से पहले टैक्स वसूली का टारगेट पूरा करने को लेकर नगर आयुक्त से लेकर सारे जोनल अधिकारी ताकत झोंके पड़े हैं। फील्ड में रेवेन्यू इंस्पेक्टर्स (राजस्व निरीक्षक) सुबह से रात तक मेहनत कर रहे हैं। मेहनत के बदले सफलता तो मिल रही है, लेकिन चेक बाउंसिंग के केस बड़ा सवाल खड़ा कर रहे हैं कि आखिर बाउंसिंग की रकम बकायेदारों से कैसे वसूली जाए। वित्तीय वर्ष 2023-24 में छह जोनों में कुल मिलाकर 13,83,95,509 रुपए रकम की चेक बाउंस हो चुकी हैं, जो कि अपने आप में एक बड़ा आंकड़ा है।

जोन 3 में सबसे ज्यादा बाउंसिंग नगर निगम से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जोन 3 के टैक्स बकायेदार सबसे ज्यादा 'चतुर' निकले। इस जोन में 3,96,65,800 रुपए की चेक बाउंस हुई हैं। अन्य जोनों के आंकड़े भी कमजोर नहीं हैं।

बाउंसिंग के आंकड़ों को लेकर मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी के पत्र का हवाला देते हुए मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने सभी जोनल अधिकारियों को पत्र जारी करते हुए इस बात की रिपोर्ट मांगी है कि पूर्व में जो चेक बाउंस हुई हैं। उनके बदले अब तक कितनी रकम उन बकायेदारों से वसूली गई है या क्या कार्यवाही की गई है। साथ ही, बाउंसिंग की इतनी बड़ी रकम पर कर निर्धारण अधिकारी ने सभी जोनल अधिकारियों को पत्र के माध्यम से आपत्ति भी जताई है।

**चेक बाउंसिंग का 'खेल'**

नगर निगम में इतनी बड़ी रकम चेक बाउंसिंग में फंसने की जमीनी हकीकत जानने के लिए पड़ताल की गई तो तमाम अहम जानकारियां मिलीं। नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर एक बड़े अफसर ने बताया कि टैक्स वसूली का प्रेशर होने पर यह गड़बड़ी होती है। फैक्ट्री, मॉल, हॉस्पिटल, रेजिडेंशियल अपार्टमेंट जैसी बड़ी प्रॉपर्टीज के बकायेदारों को जब कुर्की या खाता सीजर की कार्यवाही का भय होता है या फिर नगर निगम की टीम मौके पर प्रॉपर्टी सील करने के लिए मौजूद होती है। उस समय तत्काल की कार्यवाही से बचने के लिए अक्सर उपभोक्ता चेक देकर मौके पर कार्यवाही होने से बचाव कर लेते हैं। इसके बाद जिस खाते से रकम ट्रांसफर होनी होती है, उसमें तिकड़म करके रकम कम कर देते हैं और चेक बाउंस हो जाती है। इसमें कहीं न कहीं आरआई भी अक्सर दोषी पाए जाते हैं, जो पार्टी की चेक बाउंस होने के बाद कड़ी पैरवी नहीं करते।

**वसूली पर भारी 'सिफारिश'**

मौजूदा वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगर निगम का टैक्स वसूली का टारगेट 414 करोड़ रुपए है। अफसरों के मुताबिक, अब तक करीब 294 करोड़ रुपए वसूले जा चुके हैं। सरकारी विभागों पर लंबी-चौड़ी बकायेदारी है। शहर के आम बड़े बकायेदार और कारोबारी वसूली में 'सिफारिश' का सहारा ले रहे हैं। विश्वस्त सूत्रों के हवाले से खबर मिल रही हैं कि बकायेदारी का भुगतान के करने पर कुर्की आदि की कार्यवाही रोकने के लिए आरआई से लेकर कर अधीक्षक और जोनल अधिकारियों तक दिनभर फोन पहुंच रहे हैं। ऐसी सिफारिशों से अफसर भी परेशान हैं। उधर, नगर आयुक्त और अपर नगर आयुक्त नियमित रूप से टैक्स वसूली की समीक्षा कर रहे हैं। ऐसे में सिफारिशों के पुलिंदे तले दबे अफसरों को बचने का रास्ता नहीं सूझ रहा है।

**चेक बाउंसिंग के जोनवार आंकड़े...**

| | |
|---|---|
| जोन 1 | 1,42,27,804 रुपए |
| जोन 2 | 2,52 46, 044 रुपए |
| जोन 3 | 3,96,65,800 रुपए |
| जोन 4 | 1,73,63,130 रुपए |
| जोन 5 | 2,57,54,493 रुपए |
| जोन 6 | 1,64,38,238 रुपए |

(नगर निगम प्रशासन द्वारा प्राप्त)



चेक बाउंसिंग को लेकर गम्भीरता बरती जा रही है। टैक्स वसूली को लेकर सभी जोनल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए जा रहे हैं कि यह सुनिश्चित कर लें कि उपभोक्ता द्वारा दी जा रही चेक बाउंस न हो, जिससे राजस्व को किसी प्रकार की क्षति न पहुंचे। वित्तीय वर्ष की समय सीमा को देखते हुए ही चेक आदि के माध्यम से भुगतान लिया जाए। बड़े बकायेदारों के खिलाफ प्रस्तावित कार्यवाही में कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा। साथ ही, टैक्स वसूली में किसी भी स्तर पर कोताही बरतने वाले स्टाफ के खिलाफ निश्चित तौर पर कार्यवाही होगी।

**शिव शरणप्पा जीएन**
**नगर आयुक्त**

# इधर आवेदन, उधर थमाया म्यूटेशन लेटर

## केडीए नामांतरण शिविर में मौके पर किया निस्तारण



**कानपुर (स्पष्ट आवाज)।** उपाध्यक्ष, कानपुर विकास प्राधिकरण/जिलाधिकारी, कानपुर नगर राकेश कुमार सिंह द्वारा आम जनमानस की सुविधा के दृष्टिगत प्राधिकरण की सम्पत्तियों को लेकर प्राधिकरण अभिलेखों में दाखिल खारिज (नामान्तरण) कराये जाने हेतु अत्यधिक समय से लम्बित आवेदनों के निस्तारण हेतु प्राधिकरण परिसर में ''नामान्तरण समाधान शिविर'' का आयोजन किया गया।

नामान्तरण समाधान शिविर में कुल 29 आवेदन नामान्तरण सम्बन्धी प्राप्त हुये जिनमें विक्रय अनुभाग जोन-1 के 10, विक्रय अनुभाग जोन-2 के 04, विक्रय अनुभाग जोन-3 के 05, विक्रय अनुभाग जोन-4 के 07, विश्व बैंक के 02 एवं किराया सम्पत्ति अनुभाग के 01 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। नामान्तरण समाधान शिविर में आज प्राप्त आवेदन पत्रों में से विश्व बैंक अनुभाग के 01 प्रार्थना पत्र का आज ही नियमानुसार नामान्तरण स्वीकृत करते हुये नामान्तरण पत्र जारी कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के समयबद्ध निस्तारण के लिये सचिव शत्रोहन वैश्य द्वारा शिविर में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। नामान्तरण समाधान शिविर में सचिव, शत्रोहन वैश्य के अतिरिक्त विशेष कार्याधिकारी, सत् शुक्ला, विधि अधिकारी, एसबी राय सहित सभी विक्रय अनुभाग के सह-प्रभारी, लेखाकार एवं योजना लिपिक उपस्थित रहे।

डीएम, उपाध्यक्ष कानपुर विकास प्राधिकरण राकेश कुमार सिंह द्वारा कानपुर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र में किये जा रहे निर्माण/प्लाटिंग पर सतत् निगरानी बनाये रखे जाने के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये। उपाध्यक्ष द्वारा प्राधिकरण विकास क्षेत्र में किये जा रहे स्वीकृत मानचित्र के विपरीत अथवा अवैध निर्माण व अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित प्रवर्तन प्रभारियों को निर्देशित किया गया। उपाध्यक्ष द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में कानपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन-1 के क्षेत्रान्तर्गत ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। अवैध रूप से किये जा रहे प्लाटिंग के विरूद्ध उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। कार्यवाही के दौरान विशेष कार्याधिकारी, डॉ रवि प्रताप सिंह, अधिशाषी अभियन्ता अजय पवार, सहायक अभियन्ता शैलेन्द्र सिंह, सीके चतुर्वेदी, नितिन भारद्वाज अवर अभियन्ता प्रवीन शर्मा सहित प्रवर्तन एवं अभियंत्रण का स्टाफ मय पुलिस बल के साथ रहे।

# खाली प्लॉट में मिले नरकंकाल



**कानपुर (स्पष्ट आवाज)।** थाना बर्रा इलाके में स्थित खाली पड़े एक प्लाट पर मानव कंकाल मिलने से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में क्षेत्रीय लोगों ने जानकारी पुलिस को सौंपी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस इस बात का पता लगा रही है, कि मानव कंकाल किसने और यहां पर क्यों फेंके।

वहीं नरमुंड व कंकाल मिलने के बाद से ही पूरे इलाके मे दहशत का माहौल छाया है। दामोदर नगर स्थित वैष्णो माता मंदिर के पास खाली पड़े प्लाट में नरमुंड मिलने से सनसनी मच गयी। सूचना के बाद मौके पर बर्रा थाना पुलिस पहुंची और जांच शुरू की। पूछताछ में पता चला कि कल तक प्लाट पर कुछ भी नहीं था लेकिन आज सुबह जब नरमुंड दिखे तो सूचना पुलिस को सौंपी गई। मौके पर फोरेंसिक टीम पहुंची और घटनास्थल की जांच की।

एडीसीपी अमृता सिंह ने बताया कि दामोदर नगर में सेंगर चौराहे के पास एक खाली प्लाट पड़ा हुआ है, जिसमें किसी अराजक तत्व ने बोरे में भरकर मानव कंकाल फेंक दिया है। इलाकाई लोगो से सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम जांच में लगी है। जांच के आधार पर आगे कार्यवाही होगी।

आसपास के लोगों में नर कंकाल मिलने के बाद से अलग-अलग तरह की चर्चाएं की जा रही हैं। कुछ लोग यह भी बात कर रहे हैं कि तंत्र-मंत्र करने के उद्देश्य से नर कंकाल यहीं फेंके गए हैं। फिलहाल फॉरेंसिक जांच के बाद ही पता चल सकेगा कि नर कंकाल कितने पुराने हैं।

# माने नहीं इंस्पेक्टर साहब! सर्विस बुक पर लग गई 'लाल स्याही'

## विवेचना में देरी पर दो इंस्पेक्टर, 17 सब-इंस्पेक्टर्स का प्रमोशन- इन्क्रीमेंट रुका, लपेटे में 141 पुलिसकर्मी

- 'स्पष्ट आवाज' ने प्रमुखता से प्रकशित की थी खबर




**आशुतोष मिश्र 'रुद्र'**

**कानपुर (स्पष्ट आवाज)।** अपराध और अपराध की विवेचना में लापरवाही बरतने वाले खाकी वर्दीधारी मुलाजिमों को पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने एक बार फिर 'जीरो टॉलरेंस' का कड़ा संदेश दिया है। मुकदमों की विवेचना की फाइलें कुर्सी के नीचे दबाने वाले दो इंस्पेक्टर, 17 सब-इंस्पेक्टर्स की सर्विस बुक पर लाल निशान लग गया। इन्हें अगले तीन से पांच साल तक प्रमोशन और सेलरी इन्क्रीमेंट नहीं मिल सकेगा। इनके अलावा, 122 अन्य पुलिसकर्मियों पर भी कार्यवाही की जद में आए हैं। अपर पुलिस आयुक्त (अपराध एवं मुख्यालय) डॉ. विपिन कुमार मिश्र ने कार्यवाही की जानकारी दी।

**खबर का लिया संज्ञान ...**

पुराने मुकदमों की विवेचना में लापरवाही बरतने वाले पुलिस कमिश्नरेट स्टाफ से जुड़ी खबर 'स्पष्ट आवाज' राष्ट्रीय हिंदी दैनिक ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। खबर का संज्ञान लेते हुए सीपी अखिल कुमार ने लंबित विवेचनाओं की कड़ी मॉनिटरिंग के निर्देश जारी किए थे। जांच-पड़ताल के बाद तगड़ा 'रिवर्ट एक्शन' अब सामने आया है। सीपी के सख्त तेवर से महकमे में खलबली मची है।

पॉलिटिकल प्रेशर या अपराधियों के प्रति 'सॉफ्ट कॉर्नर' रखने वाले डबल और ट्रिपल स्टार मुलाजिमों ने अपने-अपने थाने में अलमारियों में बंद फाइलें खंगालनी शुरू कर दी हैं।

कानपुर में हत्या, लूट, धोखाधड़ी, चोरी, किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने जैसे मामलों में लापरवाही बरतने वाले दो इंस्पेक्टरों, 17 दरोगाओं समेत 141 पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई है। जांच अधिकारियों की रिपोर्ट के बाद उच्चाधिकारियों ने बैड एंट्री और अर्थदंड से दंडित किया है।

दोनों इंस्पेक्टरों और 17 दरोगाओं ने विवेचना में लापरवाही बरती है तो अन्य पुलिसकर्मी काम के प्रति लापरवाह पाए गए हैं।

चर्चित बसपा नेता पिंटू सेंगर हत्याकांड में विवेचना के दौरान सुभानअल्ला, महफूज अख्तर समेत अन्य आरोपियों को क्लीनचिट देकर फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। मामला संज्ञान में आने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चिंताराम की अदालत ने पूर्व के साक्ष्यों को देखते हुए 169 की रिपोर्ट खारिज कर पुलिस को फटकार लगाई थी। इसके बाद पुलिस कमिश्नर ने दोनों इंस्पेक्टरों रामकुमार गुप्ता व रवि श्रीवास्तव के खिलाफ विभागीय जांच बैठा दी थी। जांच में दोषी पाए जाने पर अब इन पर भी कार्यवाही की गई है।



सुभाष चंद्र, अशोक कुमार, अभिषेक सोनकर, आनंद शर्मा, पंकज कुमार राठी, विजय प्रकाश सिंह, इंद्रपाल सिंह, संदीप कुमार, विमल बैगा, अलख निरंजन, जगदीश वर्मा, यतेंद्र पाल सिंह, पंकज कुमार जायसवाल, सर्वेंद्र कुमार, सुधाकर पांडेय, चंद्र प्रकाश तिवारी, रवि कुमार दीक्षित। इसके अलावा मुख्यालय स्तर पर हुए जांच में दो हेड कांस्टेबल, चार कांस्टेबल व एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को दंडित किया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर लापरवाह पुलिस कर्मियों को सजा दी गई। काम के प्रति लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर किसी भी कीमत में रियायत नहीं की जाएगी।

# विधायक ने बांटे छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन



**उन्नाव (स्पष्ट आवाज)।** क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने आज नगर स्थित अब्दुल गफ्फार महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया। उन्होंने कहा कि यह उपकरण छात्र छात्राओं को स्मार्ट बनाने का काम करेगा। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक कटियार ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने आपको स्मार्ट फोन देकर स्मार्ट बनाने का निर्णय लिया है। जिसके जरिए छात्र छात्राएं एक बटन दबाकर मनचाही शैक्षिक सामग्री प्राप्त कर प्रतियोगी परीक्षाओं की अच्छी तरह से तैयारी कर सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि पूरे विश्व में सबसे अधिक युवावर्ग भारत देश मे है। जिन्हें सरकार स्मार्टफोन उपलब्ध कराकर उन्हें सशक्त बना रही है। विधायक ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में रामनरेश कुशवाहा, प्रमेश चौधरी, जयपाल पटेल, अखिलेश सिंह व महा विद्यालय के सभी अध्यापक रहे।

# उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**कानपुर (स्पष्ट आवाज)।** इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सकों के शासकीय संरक्षण हेतु प्रदेश सरकार के कैबिनेट मिनिस्टर डॉ. संजय निषाद तथा उप मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात कर प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा और इलेक्ट्रो होम्योपैथी की मान्यता संबंधी विषय पर गंभीर चर्चा की। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी से जुड़े वरिष्ठ जनों की समस्याओं को ध्यान से सुना और सरकार की ओर से यथासंभव मदद करने का आश्वासन भी दिया।

इस मौके पर डॉ. अशोक शुक्ला प्रदेश संयोजक, इलेक्ट्रो होम्योपैथी शासकीय संरक्षण संघर्ष समिति प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष इलेक्ट्रो होम्योपैथी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ई-बस चालक की मौत पर बरपा हंगामा



**कानपुर (स्पष्ट आवाज)।** अयोध्या डयूटी के दौरान ई बस चालक की हार्टअटैक से मौत पर परिजनों ने अहिरवां स्थित डिपो में शव रखकर हंगामा किया। अधिकारियों पर सहयोग न करने का आरोप लगाया। साथ ही मुआवजे की मांग की। पुलिस ने मामला शांत कराया। पिपरगवां ग्राम कुईहर निवासी 40 वर्षीय सुरेंद्र पाल ई बस चालक थे। परिवार में पत्नी नीलम और बेटा निशांत व बेटी नीशू है। सुरेंद्र के भाई दीपक पाल ने बताया कि अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान सुरेंद्र की वहां डयूटी लगाई थी। तब से वहीं पर डयूटी कर रहे थे। ड्यूटी के दौरान सुरेंद्र को हार्टअटैक आया। साथी कर्मचारियों ने उन्हें अयोध्या के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन हालत गंभीर होने पर लखनऊ के राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। 22 फरवरी को परिजन लखनऊ पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने जवाब दे दिया। जिस पर परिजनों ने उन्हें कार्डियोलॉजी में भर्ती कराया। जहां पर मंगलवार शाम उनकी मौत हो गई। इसके वाद परिजन शव लेकर ई बस डिपो पहुंचे। जहां पर उन्होंने मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया। साथ ही आरोप लगाया कि घटना के बाद कोई भी अधिकारी उन्हें देखने तक नहीं आया।

# ट्राली पलटने से एक की मौत, कई घायल

**फर्रुखाबाद (स्पष्ट आवाज)।** भूसा लदी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से उसमे दबकर निकल रहे एक बाइक सबार के साथ ही चार ट्रैक्टर पर बैठी सबारियां घायल हो गयी। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती किया गया। चिकित्सक नें बाइक सबार को मृत घोषित कर दिया। जबकि तीन घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल रिफर कर दिया।

थाना अमृतपुर के ग्राम कलक्टरगंज निवासी 32 वर्षीय आलोक पुत्र रामफेरे अपने 22 वर्षीय भाई अंकित शर्मा के साथ मंगलवार शाम बाजार करनें कस्बा आया था। जहाँ से वह बाइक पर सबार होकर वह घर जा रहे थे। उसी दौरान बलीपट्टी के निकट ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली पलट गयी। जिससे उसमे दबकर बाइक सबार आलोक शर्मा के साथ ही ट्रैक्टर पर बैठे 30 वर्षीय जगपाल पुत्र हरिपाल, 40 वर्षीय सुआलाल पुत्र सरजू, 16 वर्षीय अभिषेक पुत्र सतीश व 26 वर्षीय राजेश पुत्र सतीश निवासी सफा भाऊपुर अल्लागंज शाहजहाँपुर घायल हो गये। सूचना मिलनें पर थानाध्यक्ष मिनेश पचौरी, एसडीएम अमृतपुर रवेन्द्र सिंह मौके पर पंहुचे और सभी घायलों को सीएच सी में भर्ती कराया। जहाँ डॉ. अमित शर्मा ने घायल बाइक सवार आलोक को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल जगपाल, सुआलाल व राजेश को लोहिया अस्पताल रिफर कर दिया गया। मृतक आलोक की 15 साल पूर्व शशि प्रभा के साथ विवाह हुआ था। उसके दो पुत्रियाँ हैं। वह कारपेंटर का कार्य करता था।

# वृक्षारोपण के लिए खुदाई न होने से डीएम नाराज




**फर्रुखाबाद (स्पष्ट आवाज)।** फतेहगढ़ स्थित विकास भवन में जिलाधिकारी डॉ0 वी0 के0 सिंह की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की वैठक का आयोजन किया गया बैठक में डी एफ ओ ने बताया कि सभी विभागों को 2024 -2025 का वृक्षारोपण का लक्ष्य प्राप्त हो गया है बैठक में पता चला कि अभी तक बृक्षारोपण के लिए स्थल का चयन व गड्ढा खुदाई का कार्य नही हुआ है इस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी जताई गई, जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि 3 दिन में स्थल चयन की सूची उपलब्ध कराए जिसमे गांव का नाम, स्थल का नाम, पौधों की संख्या, किस प्रजाति का पौधा लगाना है इस का विवरण दर्ज हो जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि 2023 -24 में जो पौधे लगाए गए थे उसमे से जो पौधे मर गये है उनकी जगह दूसरे पौधे लगा दिए गए हैं। इस बात का प्रमाणपत्र सभी फॉरेस्ट रेंजर से ले लिया जाये सभी पौधों की जिओ टैगिंग की जाये सभी पंचायत घरो, प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों, व सरकारी भवनों में पौधरोपण करे सभी विभाग गणना पंजिका मेंटेन रखे व विभाग के नोडल अधिकारी इसे चेक करें वैठक में निर्देश दिए गए कि घाटों के किनारे पड़े कूड़े का निस्तारण करे, जिला गंगा समिति के कार्यक्रम ससमय न होने पर नाराजगी जताई एसटीपी /सीटीपी प्लांट के संचालन की समीक्षा हुई जलनिगम द्वारा बताया गया कि निर्माणाधीन सभी प्लांट जून 2024 तक कम्प्लीट कर लिए जाएंगे इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, डीएफओ व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बाइक की टक्कर से इलाज के दौरान अधेड़ की मौत

**उन्नाव।** सैदपुर थाना अचलगंज निवासी रामस्वरुप रावत 69 वर्षीय अपनी ससुराल असोहा में रहते थे, जहां कल दोपहर घर से निकल कर बाजार जा रहे थे तभी वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से थोड़ा आगे ही पहुंचे थे की विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने सीधी टक्कर रामस्वरुप के मार दी जिससे टक्कर लगते ही रामस्वरुप गिर गए जिन्हें कस्बे वासियों ने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाते हुए परिजनों को सूचना दी। जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहा इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। वहीं मृतका की पत्नी ने बाइक चालक के खिलाफ पत्र दिया है। असोहा थाना प्रभारी राजबहादुर ने बताया कि कार्यवाही की जाएगी।

स्पष्ट आवाज़

लखनऊ, गुरुवार, 29 फरवरी, 2024

विक्रम संवत 2080, फाल्गुन मास, पंचमी (कृष्ण पक्ष)



डर बुराई की अपेक्षा से उत्पन्न होने वाला दर्द है।

अरस्तु

# डब्लूटीओ से ना-उम्मीदियां

विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) की 13वीं मंत्री स्तरीय बैठक अबू धाबी में बिना ज्यादा उम्मीद के माहौल में शुरू हुई है। दुनिया के मौजूदा रूझान के बीच यह मंच निष्प्रभावी अवस्था में पड़ा दिख रहा है। ऐसी संभावना नहीं है कि अबू धाबी बैठक में उन मूलभूत समस्याओं का निवारण होगा, जिसकी वजह से यह संगठन अपेक्षित भूमिका नहीं निभा पा रहा है।

डब्लूटीओ के साथ सबसे बड़ी दिक्कत उसकी अपीलीय संस्था का निष्क्रिय अवस्था में पड़ा होना है। 2019 से विवाद निपटारे की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली इस संस्था में जजों की नियुक्ति को अमेरिका ने रोक रखा है। तब डॉनल्ड ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति थे, जो मुक्त व्यापार की नीति के घोषित विरोधी थे। मगर जनवरी 2021 में राष्ट्रपति बनने के बाद जो बाइडेन ने भी डब्लूटीओ के बारे में नीति बदलने का प्रयास नहीं किया। उन्होंने चीन के खिलाफ व्यापार युद्ध को जारी रखा। बल्कि एक कदम और बढ़ते हुए वे अमेरिका में औद्योगिक नीति लागू करने में जुट गए।

> डब्लूटीओ के साथ सबसे बड़ी दिक्कत उसकी अपीलीय संस्था का निष्क्रिय अवस्था में पड़ा होना है। 2019 से विवाद निपटारे की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली इस संस्था में जजों की नियुक्ति को अमेरिका ने रोक रखा है। तब डॉनल्ड ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति थे, जो मुक्त व्यापार की नीति के घोषित विरोधी थे। मगर जनवरी 2021 में राष्ट्रपति बनने के बाद जो बाइडेन ने भी डब्लूटीओ के बारे में नीति बदलने का प्रयास नहीं किया।

ये दोनों कदम सिरे से डब्लूटीओ के नियमों और भावना के खिलाफ हैं। उधर दुनिया का सबसे बड़ा निर्यातक देश चीन ने डब्लूटीओ के दायरे से बाहर रहते हुए अलग-अलग देशों और देश-समूहों के साथ मुक्त व्यापार समझौता करने की नीति अपना रखी है। वैसे, चूंकि डब्लूटीओ उसके लिए फायदेमंद साबित हुआ है, इसलिए वह इस मंच को सक्रिय करने में भी जुटा हुआ है। मगर पश्चिम और चीन के बीच संबंध उस मुकाम पर पहुंच चुके हैं कि उनके बीच विश्व-व्यापी मुक्त व्यापार पर समझौता होने की संभावना न्यूनतम बनी हुई है।

इस टकराव का ही परिणाम है कि डब्लूटीओ गतिरोध का शिकार हो गया है। 26 से 29 फरवरी तक चलने वाली 13वीं मंत्री स्तरीय वार्ता के एजेंडे में वैसे तो कई प्रमुख मुद्दे हैं। इनमें चीन की तरफ से नियमबद्ध निवेश के लिए पेश एक प्रस्ताव भी है। बताया जाता है कि जो देश इसका विरोध कर रहे हैं, उनमें भारत प्रमुख है। चूंकि इस संगठन में फैसले आम सहमति से होते हैं, इसलिए चीन के प्रस्ताव का पारित हो पाना मुश्किल है। ऐसी ही आशंका अन्य मुद्दों को लेकर भी है।

## आज का इतिहास

1744 - रॉयल सोसायटी आफ लंदन के सदस्य फ्रांस के प्राकृतिक दर्शनशास्त्री जॉन थियोफिलस डेजाग्युएलिये का निधन हुआ था।

1780 - ओमिक्रान डेल्टा ओमेगा सह-एड बिरादरिन की स्थापना बेंजामिन फ्रैंकलिन ने की थी।

1840 - आधुनिक पनडुब्बी के जनक आयरिश -अमेरिकी वैज्ञानिक जॉन फ़िलिप हॉलैण्ड का जन्म हुआ।

1860 - हरमन होल्लेरिथ ने सारणी मशीन का आविष्कार किया।

1896 - पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई का जन्म हुआ था, मोरारजी देसाई भारत के छ्ठे प्रधानमंत्री थे।

1928 -अमेरिकी कवयित्री , लेखिका और पुस्तकालय संचालिका इनका डोन्ना कूलब्रिद का निधन हुआ।

1936 - नेचर पत्रिका ने नील्स बोर के बाउल आफ बॉल्स के बारे में छापा था।

1960 - मोरक्को के दक्षिणी शहर अगादीर में आए भीषण भूकंप में हज़ारों लोगों की मौत हो गयी। इस भूकंप की तीव्रता 6.7 थी।

1984 - कैनेडियन प्रधान मंत्री, पियरे ट्रूडो ने सेवानिवृत्ति की घोषणा की।

1996 - 4 साल तक लगातार गोलीबारी और हमलों के बाद बोसनिया की राजधानी सरायेवो की घेराबंदी ख़त्म हो गयी।

2008- प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. बच्चन सिंह को अनुवाद के लिए वर्ष 2008 का साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किया गया।

2012- ट्यूमर से पीड़ित वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति ह्यूगो चावेज़ के श्रोणि से ट्यूमर निकाले जाने के बाद वे ठीक हो गए।

# आईएनडीआईए बचाने के लिए कांग्रेस ने अपने हितों को दी तिलांजलि

अंकित सिंह

आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली, गुजरात और हरियाणा में कांग्रेस के साथ मिल कर चुनाव लड़ेगी मगर पंजाब में दोनों पार्टियां एक दूसरे के खिलाफ मैदान में उतरेंगी। यह कुछ उसी तरह है जैसे पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में तो कांग्रेस और वामपंथी दल साथ-साथ चुनाव लड़ते हैं मगर केरल में एक दूसरे के खिलाफ ताल ठोंकते हैं। देखा जाये तो ऐसे गठबंधन किसी विचारधारा के मेल के चलते नहीं बल्कि सत्ता हासिल करने के खेल के चलते बनते हैं। इसलिए जनता को सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि जो एक राज्य में एक दूसरे के खिलाफ हैं उनका दूसरे राज्य में एक मंच पर दिखना धोखे के समान है। अच्छी बात है कि कांग्रेस ने गठबंधन को लेकर प्रयास किया और उसमें सफलता मिली। आज से दो-तीन महीने पहले देखा जाए तो ऐसा लग रहा था कि कांग्रेस बड़ी राजनीतिक दल है और उसके साथ क्षेत्रीय दल जुड़ना चाहते हैं। लेकिन आज की स्थिति में ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस ने क्षेत्रीय दलों के सामने अपने हथियार डाल दिए हैं। आज लोगों में यह साफ तौर पर संदेश जा रहा है कि बहुत बड़ा दल जिसने देश के ज्यादातर समय पर शासन किया, वह अब क्षेत्रीय दलों पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी शुरू से कांग्रेस के खिलाफ लड़ाई लड़ी। कांग्रेस को दिल्ली, पंजाब और गुजरात में खत्म करने का श्रेय भी आम आदमी पार्टी को जाता है, अब इसी आम आदमी पार्टी की गोद में कांग्रेस बैठने की कोशिश कर रही है। पहले ही समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी के साथ कांग्रेस ने औपचारिक रूप से गठबंधन का ऐलान कर दिया। लेकिन कहीं ना कहीं उसके कार्यकर्ता कई जगहों पर निराशा हैं। कई लोग इस चुनाव के लिए लगातार मेहनत करते हैं। लेकिन बड़े नेता एक साथ बैठकर गठबंधन का ऐलान कर देते हैं। कांग्रेस ने आत्मसमर्पण ऐसा किया है कि वह अपना पसंदीदा सीट भी नहीं ले सकी है। उदाहरण के लिए कांग्रेस ने मुरादाबाद सीट पर उत्तर प्रदेश में दावा ठोका था, सपा ने नहीं दिया बावजूद इसके गठबंधन हुआ। यही कारण है कि कांग्रेस ने अपने हितों की तिलांजलि दी है। अपने कार्यकर्ताओं के भावनाओं का सम्मान नहीं किया है। अरविंद केजरीवाल ने बच्चों की कसम खाकर कहा था कि हम कांग्रेस के साथ कभी गठबंधन नहीं करेंगे लेकिन एक बार क्या, दो-दो बार उन्होंने गठबंधन कर लिया। वहीं समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन का 2017 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में क्या हुआ था, यह सभी को पता है। संदेशखाली घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। आज भी महिलाओं को इस तरह की पीड़ा से गुजरना पड़ रहा है, यह बर्दाश्त से बाहर की बात है। महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाया गया है। उनकी जमीनों को छीना गया है।

# 370 सीटें ही नहीं, 50 प्रतिशत वोट के आंकड़ों को छूना है भाजपा का मकसद

सत्य व्रत त्रिपाठी

चुनाव के नतीजों में उलटफेर कर देने वाली लहरे जिन्हें देश ने देखा, वोटर के मन को बदल देने वाली लहरे जिसे साल 2014 में पूरी जनता ने देखा। विपक्ष को सत्ता में लाकर बिठा देने वाली लहरे और सत्ता को विपक्ष में बिठाने वाली लहरे से भी मुखातिब हुआ देश। देश की सबसे पुरानी पार्टी को इतिहास की राजनीति का डब्बा बना देने वाली लहरों की तपिश को जनतंत्र ने महसूस किया। जिस भाजपा के बारे में कहा जाता था कि %बैठक, भोजन और विश्राम... भाजपा के यह तीन काम% इस धारणा को 2014 और फिर 2019 के चुनाव में ध्वस्त करके रख दिया गया। 182 की चौखट पर हांफने वाली बीजेपी ने एक नहीं दो-दो दफा अपने बूते बहुमत के आंकड़े को पार किया। दसों दिशाओं से आने वाली जीत आती चली गई। मोदी के अश्वमेध रथ पर अमित शाह जैसा सारथी घर्र-घर्र करते हुए आगे बढ़े तो उसकी चाप से हिन्दुस्तान का मुकद्दर रचने चले नए सिंकंदर की जयजयकार सुनाई पड़ने लगी। भारतीय जनता पार्टी ने अपने बढ़ते प्रभाव का प्रदर्शन करते हुए 2019 में 224 सीटों पर 50 प्रतिशत से अधिक वोटों के साथ जीत दर्ज की, जो 2014 में 136 से काफी अधिक रही। लेकिन जैसे-जैसे आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं, भाजपा सरकार ने अपने आत्मविश्वास को बढ़ाते हुए सीट लक्ष्य की घोषणा की है जो कि पिछली बार जीते गए निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या से 67 अधिक है। पीएम मोदी ने 2024 में तीसरी बार बीजेपी की सरकार बनने का विश्वास जताते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा सौ सवा सौ दिन रह गए हैं। मैं आमतौर पर आंकड़ों के चक्कर में नहीं पड़ता हूं, लेकिन देश का मिजाज देख रहा हूं। मुझे विश्वास है कि देश बीजेपी को 370 सीटें अवश्य देगा और एनडीए का आंकड़ा 400 के पार रहेगामें अपने तीसरे कार्यकाल के लिए योजनाओं की बात कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के लिए 370 सीटों का लक्ष्य और एनडीए के लिए 400 से अधिक सीटों का लक्ष्य रखा है, तो उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों को कथित तौर पर अगली सरकार में अपने वर्तमान मंत्रालयों के लिए 100-दिवसीय योजना तैयार करने के लिए कहा है। साथ ही, भाजपा नए गठबंधनों के साथ-साथ छोटे-बड़े अन्य दलों को अपने पक्ष में लाने के लिए आक्रामक तरीके से प्रयास कर रही है। पार्टी नेताओं ने कहा कि आंध्र प्रदेश में टीडीपी-जनसेना पार्टी और उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोक दल के साथ सौदे लगभग तय हो चुके हैं, जबकि किसानों के विरोध प्रदर्शन के कारण लगे झटके के बावजूद अकाली दल के साथ बैक-चैनल बातचीत अभी भी जारी है। चुनावी वर्ष में पूर्व प्रधानमंत्रियों पी वी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह के साथ-साथ एम एस स्वामीनाथन और कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की श्रृंखला को भी विशिष्ट राजनीतिक संदेशों के उद्देश्य से देखा गया। जबकि भाजपा के प्रतिद्वंद्वी इस बात पर ज़ोर दे रहे हैं कि ये संख्या बल जुटाने के लिए पार्टी की हताशा को दर्शाता है, नेताओं का कहना है कि इस चरण-दर-चरण संयोजन की एक विधि है न केवल व्यापक बहुमत हासिल करना है बल्कि वोट शेयर के मामले में 50 प्रतिशत के करीब आना भी है। विपक्ष का भारतीय गुट अक्सर इस तथ्य से पीछे हट जाता है कि 64 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने 2019 में भाजपा के गठन को उचित ठहराने के लिए उसे वोट नहीं दिया। भाजपा सरकार के पास एक विशिष्ट आंकड़ा



है जिसे वह पार करने की उम्मीद कर रही है। साल 1984 जब इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश की राजनीति की तस्वीर बदली। कांग्रेस ने सहानुभूति को बटोरने के लिए पूरे जोर-शोर से नारा लगाया ÷जब तक सूरज चांद रहेगा, इंदिरा तेरा नाम रहेगा।÷ इस नारे ने कांग्रेस को भारी जीत दिलाई। 1984-85 के दौर में हुए आठवें लोकसभा चुनाव में इस नारे के साथ ही राजीव गांधी के समर्थन में गढ़े गए नारे ÷उठे करोड़ों हाथ हैं, राजीव जी के साथ हैं÷ ने कांग्रेस को पूरी ताकत दी और उसे 49.10 प्रतिशत वोट मिले थे, 409 सीटों पर उसे कामयाबी मिली। लाल कृष्ण आडवाणी की शब्दों में कहे तो ये लोकसभा का नहीं अपेतु शोकसभा का चुनाव था। 2019 में जीते गए 37.36 प्रतिशत वोटों से बढ़कर लगभग 50 प्रतिशत तक पहुंचने के लिए, भाजपा को लगभग हर राज्य में अपना वोट शेयर बढ़ाने की आवश्यकता होगी। हालांकि मोदी ने स्वयं संसद के पटल से 370 सीटों के लक्ष्य का खुलासा किया है, लेकिन वरिष्ठ नेता स्वीकार करते हैं कि राह कठिन बनी हुई है, यह देखते हुए कि पार्टी पहले ही हिंदी पट्टी और अन्य पारंपरिक गढ़ों में अपनी बढ़त हासिल कर चुकी है। भाजपा ने 2019 में राजस्थान, हरियाणा और गुजरात में सभी सीटें जीत ली थीं, मध्य प्रदेश में सिर्फ एक (छिंदवाड़ा) और छत्तीसगढ़ में दो (बस्तर, कोरबा) सीटें हार गईं, जबकि एनडीए गठबंधन ने बिहार में एक सीट किशनगंज को छोड़कर सभी सीटें जीती थीं। सबसे अधिक लोकसभा सीटों वाले राज्य उत्तर प्रदेश में भाजपा ने 80 में से 62 निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल की थी और राम मंदिर अभिषेक द्वारा बनाई गई सद्भावना के बल पर इसे बनाए रखने के लिए पार्टी पूरी तरह से आश्वस्त है। यहां तक ??कि एकमात्र दक्षिणी राज्य कर्नाटक में जहां एक प्रमुख पार्टी बीजेपी ने 2019 में 29 में से 28 सीटों पर फतह हासिल किया था। एकमात्र शेष सांसद सुमलता अंबरीश (स्वतंत्र) ने लोक में मोदी सरकार को अपना समर्थन दिया था। 2023 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों में हार के बावजूद, भाजपा को जद (एस) के साथ सहयोगी के रूप में गठबंधन करने के बाद अपना प्रभुत्व बनाए रखने की उम्मीद है। पूर्वोत्तर के राज्यों की कुल 25 लोकसभा सीटों में से अभी बीजेपी 11 पर काबिज है। लेकिन क्षेत्रीय पार्टियों की वजह से असम में ही इसके बढ़ने की उम्मीद है। असम में कुल 14 लोकसभा सीटें हैं, जिनमें से बीजेपी के पास 9 सीटें हैं। जहां 3 से 4 सीटें बढ़ सकती हैं। बीजेपी की कोशिश असम में अपनी 9 सीटों को बढ़ाकर 12 तक ले जाना। अरुणाचल प्रदेश से लकर मेघालय और त्रिपुरा सहित पूर्वोत्तर की सभी 25 सीटों को बीजेपी गठबंधन अपने पास रखने की फिराक में है। भाजपा नेताओं का कहना है कि पार्टी ओडिशा और तेलंगाना में भी अपनी संख्या बढ़ाएगी, जहां अपनी उपस्थिति सुधारने के उसके प्रयास बहुत सफल नहीं रहे हैं। हालाँकि, अगर ये सभी संख्याएँ सही रहती हैं, तो भी भाजपा की संख्या 370 को पार नहीं कर सकती है। इसलिए आंध्र प्रदेश और केरल जैसे राज्यों में गठबंधन पर जोर दिया जा रहा है, जहां भले ही भाजपा सीटें नहीं जीतती हो, लेकिन वह इन गठबंधनों के बल पर वोट हासिल कर सकती है। हाल ही में आयोजित भाजपा के राष्ट्रीय सम्मेलन में बूथ स्तर तक चुनाव से पहले अपने कार्यकर्ताओं के लिए विशिष्ट कार्य निर्धारित किए गए। पार्टी अब संदेश को मजबूत करने के लिए राज्य, जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर पर बैठकें करेगी। पार्टी सूत्रों ने कहा कि भाजपा अपने संदेश को भी संशोधित करेगी, खासकर हिंदुत्व पर क्योंकि राम मंदिर उद्घाटन का आधा काम पहले ही पूरा हो चुका है। उसे एहसास है कि जहां आक्रामक हिंदुत्व हिंदी पट्टी राज्यों में उसके पीछे वोटों को मजबूत कर सकता है, वहीं ये दक्षिण में मतदाताओं को अलग-थलग कर सकता है, जहां संदेश इसके बजाय मोदी की लोकप्रियता पर केंद्रित होगा। नेताओं ने कहा कि लगभग बहुमत के साथ जीत के माध्यम से विपक्ष को एक निर्णायक संदेश देने के अलावा, मोदी का मानना है कि इस तरह की सकारात्मक संख्या उन उपायों के रास्ते में शेष बाधाओं को दूर कर देगी जो वह चाहते हैं कि उनकी अगली सरकार उठाए। दक्षिण भारत की 131 सीटों में से बीजेपी अगर 60 से 70 सीटें जीतने में कामयाब हो जाती है तभी जाकर पीएम मोदी के 400 पार का सपना साकार हो सकता है। कर्नाटक में बीजेपी ने जेडीएस से गठबंधन करके राज्य की 29 सीटों पर जीत हासिल करने के लिए तैयारी कर रखी है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बीजेपी ने एक बार फिर टीडीपी और पवन कल्याण की जनसेना पार्टी के साथ गठबंधन कर रखा है। आंध्र प्रदेश में खाता खोलने की चुनौती है। तेलंगाना में बीजेपी को अपनी 4 सीटों को बढ़ाकर 6 से 8 करनी होगी। केरल और तमिलनाडु में बीजेपी लगातार मशक्कत कर रही है।

# आत्मनिर्भर भारत और बदलता कृषि परिदृश्य

मुकुंद

देश आत्मनिर्भरता की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के आह्वान ने ग्रामीण जनजीवन की दिशा और दशा बदल दी है। खेती-किसानी की बात की जाए तो मोदी सरकार की एक जिला-एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल ने कृषि परिदृश्य को बदल दिया है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विशेषज्ञ इस पहल को आर्थिक तरक्की और सांस्कृतिक धरोहर के मधुर संगम के रूप में देख रहे हैं। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने राज्यसभा सत्र-262, अतारांकित प्रश्न क्रमांक-686, दिनांक-08 दिसंबर 2023 के आधार पर आत्मनिर्भर भारत के बदलते कृषि परिदृश्य पर कुछ उदाहरण देश के सामने रखे हैं।गुजरती फरवरी की शुरुआत में इस पहल पर शब्द चित्र से याद दिलाया गया कि 2018 में साहसिक दृष्टिकोण के साथ बोया गया बीज आज अपने लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। यह पहल क्षेत्रीय आर्थिक विभाजन को पाटती हुई लोगों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही है। ओडीओपी का उद्देश्य एकल प्रतिष्ठित उत्पाद के माध्यम से प्रत्येक जिले की अनूठी शक्ति की पहचान कर उत्पादन क्षमता को बढ़ाना



और स्थानीय समाज को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। आज यह पहल ÷वोकल फॉर लोकल÷ की खुशबू बिखेर रही है। कारीगर, किसान और उद्यमी सशक्त हो रहे हैं।चार साल में यह बीज तेजी से विकास करते हुए कोमल पौधे से हरे-भरे बगीचे की शक्ल ले चुका है। पीआईबी के अनुसार, या यूं समझिए कि ओडीओपी के परिश्रम का फल अब पक गया है। इसका मधुर स्वाद संबंधित समाज को मिलने भी लगा है। इस पहल ने देशभर के 760 से अधिक जिलों के एक हजार से अधिक उत्पादों की पहचान की है। हथकरघा, सुगंधित मसालों और उत्कृष्ट हस्तशिल्प की एक जीवंत तस्वीर %पीएम-एकता मॉल% में देखी जा सकती है। यह मॉल गुजरात के नर्मदा जिले के केवडिया में 182 मीटर ऊंची %स्टेच्यू ऑफ यूनिटी% के पास यस्थित है। इसे %हथकरघा और हस्तशिल्प में विविधता में एकता की थीम पर विकसित किया गया है। यह मॉल 35,000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला है। एक जिला-एक उत्पाद की छत के नीचे बड़े बदलाव की उल्लेखनीय कहानियां सामने आई हैं। यह एकल प्रतिभा का आख्यान नहीं बल्कि आत्मनिर्भरता और परस्पर सहयोग की जादुई शक्ति के साथ आगे बढ़ रहे सामूहिक विकास का मंगलगान हैं। इस पहल का बड़ा असर यह है कि कश्मीर की बर्फीली हवाओं के बीच शोपियां का सेब विश्व तक पहुंचने की संभावनाओं से चमक रहा है। ओडीओपी का क्रांतिकारी स्पर्श, संबंधित जिलों और राज्यों को आर्थिक और आत्मनिर्भरता के धागों में पिरो रहा है। प्रधानमंत्री विकास पैकेज (पीएमडीपी), एसएमएएम और एमआईडीएच से उत्पादन बढ़ाने के सपने साकार हो रहे हैं। इसी के परिणाम स्वरूप उत्पादन में 20 प्रतिशत की शानदार वृद्धि हुई है।हिमालय के मनभावन दृश्यों के बीच रचा-बसा उत्तराखंड का उत्तरकाशी जिला तो आत्मनिर्भरता के लिए आवश्यक परिवर्तनकारी शक्ति पर विशेष जोर दे रहा है। यहां गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों, स्थानीय प्रशासनिक कर्मचारियों और 700 से अधिक किसानों को 15 प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से जैविक खेती के लिए निपुण किया गया। एक हजार से अधिक लोगों को महत्वपूर्ण उपकरण भी प्रदान किए गए। इसके फलस्वरूप यहां पर लाल चावल का उत्पादन 25 फीसद बढ़ गया है। यह आत्मनिर्भर भारत की सफलता की कहानी न केवल उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था को मजबूत करती है बल्कि टिकाऊ कृषि पद्धतियों के साथ इसके भविष्य को भी सुदृढ़ करती है। इस पहल का ही नतीजा है कि आंध्र प्रदेश की अराकू घाटी में पैदा होने वाली कॉफी की मांग तेजी से बढ़ी है। अब यहां की कॉफी अपने स्वाद और सुगंध से मन मोह लेती है। लगभग डेढ़ लाख आदिवासी परिवारों की आजीविका इस उद्योग से जुड़ी है। कॉफी बोर्ड और एकीकृत जनजातीय विकास एजेंसी के साथ मिलकर मिलकर इस बेशकीमती पेय को उत्पादित कर रहे हैं।

# सदेशखाली की टीस और टीएमसी की गुंडागर्दी

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के राज में अत्याचार की जड़ें कितनी गहरी हैं, इसके तमाम सुबूत पिछले कई वर्षों से लगातार सामने आ रहे हैं। पहले जो अत्याचार वामपंथ की सत्ता में यहां हो रहा था, वही आज ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लोग कर रहे हैं । कल के वामपंथी आज ममता के साथ खड़े हैं । जिस अत्याचार से मुक्ति दिलाने के भरोसे यहां की आम जनता ने ममता को सत्ता में बैठाया, वह अब अपने को ठगा महसूस कर रही है। पश्चिम बंगाल में गहरे से देखा जाए तो यही जान पड़ता है कि पूरे भारत में जो नियम और संविधान चलता है वो आज वह इस राज्य में में नहीं है। यहां तो टीएमसी के लिए एक नियम है और अन्यों के लिए एक अलग नियम है। स्थिति इतनी खतरनाक है कि कब, कहां बम फोड़ दिया जाए कुछ पता नहीं । यहां कई जिलों में महिलाओं की चीखों के साथ रात गुजरती है।नहीं दिखता यहां ममता बनर्जी को महिलाओं का दर्द, अब तक 1250 शिकायतें सामने आईं: पंश्चिम बंगाल में जो दर्द संदेशखाली क्षेत्र का बाहर निकलकर आया भी, तो उसे दबाया जा रहा है। पिछले तीन दिन में यहां पर तीन हमले हुए हैं। लोगों को डराया जा रहा है। विशेषकर महिलाओं पर हमले हो रहे हैं । पश्चिम बंगाल की स्थिति कितनी खराब है, वह इससे भी समझा जा सकता है कि एक महिला होकर भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को यहां की महिलाओं का दर्द दिखाई नहीं दे रहा है। राज्य में कितनी अधिक अराजकता है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि यहां सिर्फ संदेशखाली क्षेत्र में ही 18 फरवरी से अब तक 1250 शिकायतें मिली हैं। यौन उत्पीड़न




का नया मुख्य केंद्र संदेशखाली है, आज यह सामने आया है। अनुसूचित जनजाति आयोग को आदिवासी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की 50 शिकायतें मिली हैं। प्रशासन को 400 जमीन हड़पने की शिकायतें मिली हैं।

ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर के पास जितनी भी शिकायतें पीड़ितों ने की हैं, उनमें से अधिकतर जमीनों पर जबरन कब्जा करने और महिलाओं के साथ रेप और यौन शोषण जैसी शिकायतें हैं। कुल मिलाकर बीते सप्ताह में शेख शाहजहां के खिलाफ 700 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई हैं।फिर डर समाया, बंद होने लगी अत्याचार से जुड़ी आवाजें: यहां यह भी देखने में सामने आया है कि कल तक जो महिलाएं अपनी आवाज खुलकर बुलंद कर रहीं थीं, वे अचानक से आज चुप हो गई हैं। जिन्हें प्रताड़ित किया गया, उनकी भी आवाज अब दबा दी गई है।


जब उनसे उनकी इस चुप्पी का कारण पूछा गया तो उनका साफ कहना है कि माफ कीजिए, हम बात नहीं कर सकते। यहां की आम महिलाएं अब दबी आवाज में बोल रही हैं, कल जब आरोपित जेल से छूट जाएंगे, तब हमें कौन बचाएगा। जिन्होंने शाहजहां शेख, शिबू हाजरा और उत्तम सरदार के विरोध में बोला, उन पर हमले होने लगे हैं। कोई उन्हें बचाने नहीं आ रहा । ममता की पुलिस टीएमसी के बदमाशों की सुनती है। तीन दिन में 3 बड़ी घटनाएं हो चुकीं हैं । पुलिस मौजूद है, लेकिन आरोपितों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। ऐसे में अब शिकायत किससे करें? गांव में कोई बोलने को तैयार नहीं कि गैंगरेप की शिकार महिलाएं कौन हैं और अभी वह कहां पर हैं? जिन दो महिलाओं ने पहले शिकायत की थी, उन्हें गायब बताया जा रहा है।

शाहजहां शेख के भाई सिराजुद्दीन के अत्याचार भी आने लगे सामने: संदेशखाली में अभी तक टीएमसी के बदमाशों में तीन नाम प्रमुखता से सामने आए थे- शाहजहां शेख, शिबू हाजरा और उत्तम सरदार, लेकिन, अब शाहजहां शेख के भाई सिराजुद्दीन, उपनाम डॉक्टर का भी नाम सामने आया है, जोकि ग्रामीणों की जमीन हड़पने, उन्हें डराने, भगाने, महिला बलात्कार और कई तरह से उन्हें प्रताड़ित करने का काम करता है।

# परीक्षा 'भूत' नहीं, भविष्य है!

पंडित हरि ओम शर्मा 'हरि'

मेरे एक मित्र हैं 'क' महोदय! एक दिन टहलते हुए मैं यूँ ही उनके घर पहुँच गया, देखा कि मेरे मित्र 'क' महोदय व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती 'क' महोदया दोनों के चेहरे उतरे हुए हैं। पूछने पर पता चला कि परसों से उनके बेटे 'कोमल' की परीक्षा है। 'कोमल' परीक्षा के भूत से इस कदर डरा हुआ है कि उसे तेज ज्वर ने जकड़ लिया है और ज्वर में ही बड़बड़ाता है कि मैं परीक्षा नहीं दूँगा। न जाने ऐसे कितने 'कोमल' है जो इस परीक्षा रूपी भूत से डरे सहमे, बचे-बचे घूम रहे हैं, कुछ 'कोमल' परीक्षा को कोस रहे हैं। ऐसे छात्रों से मेरा यह कहना है कि परीक्षा 'भूत नहीं है! बल्कि परीक्षा 'भविष्य' है, एक ऐसा उज्जवल भविष्य जो परीक्षा में सफल होने के बाद ही प्राप्त होता है तो फिर हम भविष्य तय करने वाली इस परीक्षा से डरते क्यों हैं? परीक्षा का तो स्वागत करना चाहिए। यदि आप मेरे इन चन्द सुझावों पर अमल करते हैं तो सच मानिये 'परीक्षा' ही आपको सफलता के द्वार तक ले जायेगी। क्योंकि सफलता का रास्ता ही परीक्षा के बीच से होकर जाता है।परीक्षा के लिए हमेशा तैयार रहें- जैसे एक वीर सैनिक युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहता है ठीक उसी तरह तुम भी हमेशा परीक्षा के लिए तैयार रहो। जिस प्रकार एक वीर सैनिक यह जानता है कि बिना युद्ध के मेरी वीरता का कोई आकलन नही है, कोई मूल्य नहीं है और न ही मुझे कोई परमवीर चक्र प्राप्त होगा। ठीक उसी तरह बिना परीक्षा के आपकी योग्यता का आँकलन कैसे हो सकता है?



परीक्षा में सफलता के लिए पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों को देखें- परीक्षा की तैयारी करने के लिए सबसे सरल तरीका है पिछले कई वर्षों के प्रश्न पत्रों को पढ़कर उन्हें हल करना। इन प्रश्न पत्रों को पढ़े व खुद ही हल भी करें और खुद ही अंक भी दे लें, सच मानिये! आपसे बड़ा न कोई परीक्षार्थी है और न ही कोई बड़ा परीक्षक! यदि आप मेरी इस बात पर अमल करते हैं आप दुनियॉ के सर्वश्रेष्ठ व सफलतम परीक्षार्थी है। इसमें सन्देह की कोई गुजाइश नहीं है।

स्पेलिंग मिस्टेक न होने दें- अधिकाँश देखा गया है कि छात्र परीक्षा में उत्तर तो सही लिख आते हैं किन्तु गलतियाँ (स्पेलिंग मिस्टेक) इतनी कर देते हैं कि उन्हें देखकर परीक्षक की नाक-भौं सिकुड़ जाती है और वह 93 की बजाय 33 अंक देकर ही सन्तुष्ट हो जाते हैं। अतः राइटिंग के बाद यदि कोई महत्वपूर्ण है तो वह है लिखते समय गलतियां न करना। यदि आप सही उत्तर देते हैं साथ ही उसमें कोई मात्रा, विराम, कामा, फुलस्टाप की गलती नहीं करते हैं तो समझ लीजिए कि आप परीक्षा के लिए पूर्ण रूप से तैयार हैं और आप परीक्षा में भी अपनी दक्षता सिद्ध करते हुए सर्वोच्च अंक प्राप्त करेंगे।

प्रश्नों के उत्तर लिखने की कला सीखें- परीक्षा में प्रश्नो के उत्तर लिखना भी एक कला है। यदि आपकी राइटिंग भी अच्छी है आप लिखने में गलती भी नहीं करते हैं किन्तु उत्तर देने की कला (आर्ट) में आप पारंगत नही हैं तो भी आप सर्वोच्चता के दरवाजे से बाहर ही रह जायेंगे। अतः इस कला में निपुण होना आवश्यक है। उसके लिए आपको आवश्यकता है निरन्तर अभ्यास की। परीक्षा में उत्तर लिखने वाली कापियों से मिलती जुलती कापी बाजार में उपलब्ध रहती है उन कापियों पर लिखने का अभ्यास करें। इससे आपको ज्ञान होगा कि कापी में बायें हाथ पर कितनी जगह छोड़नी है। एक प्रश्न के उत्तर के बाद दूसरे प्रश्न का उत्तर कितनी जगह छोड़कर करना है। मोटे शब्द कहाँ लिखने हैं और कौन से लिखने हैं जिस पर परीक्षक की निगाह बरबस ही चली जाये। नीली स्याही का प्रयोग कहाँ करना है, काली स्याही का प्रयोग कहाँ करना है, रफ कार्य के लिए कौन से पेज पर कितनी जगह छोड़नी है, इन छोटी-छोटी बातों से ही अच्छे अंक प्राप्त होते हैं।

अपनी याददाश्त की क्षमता विकसित करें- आपके अन्दर अपार क्षमता भरी पड़ी है केवल आवश्यकता है उसे विकसित करने की। याददाश्त को विकसित करने का सबसे सरल तरीका यह है कि आप जो भी विषय या जो भी चैप्टर याद करें उसे लिखकर अवश्य देखें दूसरे यह कि आप याद करने वाला कार्य प्रातः ब्रहम मुहूर्त में प्रातः 4 बजे से 6 बजे के मध्य करें तो उत्तम है। लिखने वाला कार्य सोने से पहले पूरा कर लें, तब सोये। प्रातः जगने के बाद फ्रेश होकर याद करने वाला कार्य करें, याद करने के बाद उसे मन ही मन में गुनगुनायें, अपना मूल्याँकन खुद ही करें। आप देखेंगे कि आपकी याददाश्त की क्षमता में गजब का विकास हुआ है। परीक्षा में निम्न बातों का विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

● स्पष्ट आवाज में प्रकाशन हेतु आपके पत्र और विचार आमंत्रित हैं जो के आप इस पते पर भेज सकते हैं- सम्पादक, स्पष्ट आवाज, 47/1 क्ले स्क्वायर, कबीर मार्ग लखनऊ- 226001 ईमेल- spawaz2010@gmail.com इस पृष्ठ पर प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं। ●

# अय्यर-किशन बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर




**मुंबई।** श्रेयस अय्यर और ईशान किशन को बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया गया है, क्योंकि ये रणजी छोड़कर इंडियन प्रीमियर लीग-2024 की तैयारी कर रहे थे। बीसीसीआई ने खिलाड़ियों की सालाना कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट जारी कर दी है। सीजन 2023-24 के लिए जारी की गई इस लिस्ट में श्रेयस अय्यर और ईशान किशन का नाम नहीं है। दोनों खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट में हिस्सा नहीं लिया था। इस कारण बोर्ड नाराज था। उसका असर कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में

- यूपी के रिंकू सिंह को सी ग्रेड में मिली जगह
- सिराज, राहुल, गिल ग्रेड ए में शामिल; रोहित, कोहली, जडेजा और बुमराह ए+ में बरकरार

देखने को मिला। बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा कि अय्यर और ईशान को वार्षिक अनुबंध नहीं दिया गया है। उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के बल्लेबाज रिंकू सिंह को ग्रेड-सी में जगह मिली है। ए प्लस ग्रेड में कप्तान रोहित शर्मा के अलावा विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा हैं। इनके अलावा मोहम्मद सिराज, केएल राहुल और शुभमन गिल को ग्रेड ए में प्रमोट किया गया है। इतना ही नहीं, यशस्वी जायसवाल को ग्रेड बी में जगह दी गई है। यह कॉन्ट्रैक्ट 1 अक्टूबर 2023 से 30 सितंबर 2024 तक चलेगा। ग्रेड ए प्लस में शामिल खिलाड़ियों को सालाना सात करोड़ रुपये मिलते हैं। ए ग्रेड में पांच और बी ग्रेड में तीन करोड़ रुपये मिलते हैं। सबसे निचले सी ग्रेड में शामिल किए गए खिलाड़ियों को एक-एक करोड़ रुपये दिए जाते हैं।बोर्ड के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट वाले खिलाड़ियों में 30 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। ग्रेड ए+ में चार खिलाड़ी हैं। ग्रेड ए में छह, बी में पांच और सी में 15 खिलाड़ी शामिल किए गए हैं। पिछले साल बोर्ड ने 26 खिलाड़ियों को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में शामिल किया था।

ग्रेड ए+: रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा।

ग्रेड एः रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल और हार्दिक पांड्या।

ग्रेड बीः सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और यशस्वी जायसवाल।

ग्रेड सीः रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, ऋतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वॉशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और रजत पाटीदार।

धर्मशाला टेस्ट खेलने पर ग्रेड सी में शामिल होंगे जुरेल-सरफराज

हाल में टेस्ट डेब्यू करने वाले ध्रुव जुरेल और सरफराज खान को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट मिल सकता है।

# छात्रा की पिटाई करने वाला सहायक अध्यापक निलम्बित

- पिटाई का विरोध करने पर प्रधानाध्यापक से की थी अभद्रता

**महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** छात्रा को मारने-पीटने व बचाव करने पर इंचार्ज प्रधानाध्यापक से मारपीट करने, उपस्थित पंजिका पर चार दिन के हस्ताक्षर न मिलने, अभद्रता करने सहित कई अन्य आरोपों की बीईओ जांच रिपोर्ट पर आरोपी शिक्षक का बीएसए ने बुधवार को निलंबित कर दिया।

पूरे प्रकरण में शिक्षक पर लगे आरोपों की विस्तृत जांच बीईओ सिधौली को सौंपते हुए 15 दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश बीएसए द्वारा दिए गए हैं। निलंबित शिक्षक को बीआरसी बिसवां संबद्ध किया गया है। महमूदाबाद खंड शिक्षाधिकारी उदयमणि पटेल ने बताया कि महमूदाबाद विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय लोनियनपुरवा में 12 फरवरी को यहां तैनात शिक्षक मुनीर अहमद द्वारा कक्षा एक की छात्रा रजनी की डंडे से पिटाई की गई थी जिससे उसके कान के नीचे खून बहने लगा था। इंचार्ज प्रधानाध्यपाक द्वारा मना करने पर उनके साथ भी आरोपी शिक्षक द्वारा मारपीट करने हुए अध्यापक उपस्थिति पंजिका भी फाड़ दी गई थी। इं.प्र.अ. द्वारा सदरपुर थाने पर आरोपी शिक्षक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रकरण की जानकारी बीईओ को देकर घायल छात्रा का मेडिकल कराया गया था। बीईओ उदयमणि पटेल ने 13 फरवरी को स्कूल पहुंच विद्यालय में तैनात शिक्षक, शिक्षामित्रों, अभिभावकों के साथ पीड़ित छात्रा व इंप्रअ के बयान दर्ज करते हुए जांचकर आख्या बीएसए को भेजी गई है।

जांच के अगले दिन आरोपी शिक्षक द्वारा बीईओ को उनके मोबाइल पर भी काल पर अभद्रता की गई थी। बीईओ की जांच आख्या पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सीतापुर द्वारा बुधवार को आरोपी शिक्षक मुनीर अहमद खां को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने हुए पूरे प्रकरण की जांच बीईओ सिधौली को सौंपते हुए 15 दिवस में आख्या देने के निर्देश बीएसए ने दिए। निलंबन अवधि में आरोपी शिक्षक को बीआरसी बिसवां कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश बीएसए ने दिए हैं।

## संक्षिप्त आवाज़

### प्री-नान इण्टरलॉकिंग के कारण गाड़ियों का मार्ग बदला

**गोरखपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मण्डल पर नाजिरगंज, उजियारपुर स्टेशनों पर इलेक्ट्रानिक इण्टरलॉकिंग के कमीशनिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में प्री-नान इण्टरलॉकिंग/नान इण्टरलॉकिंग कार्य के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन एवं रेगुलेशन निम्नवत किया जायेगा।

मार्ग परिवर्तन-सहरसा से 8 एवं 9 मार्च को चलने वाली 12553 सहरसा-नई दिल्ली एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग खगड़िया-बरौनी-समस्तीपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग खगड़िया-सिंघियाघाट-समस्तीपुर के रास्ते चलाई जायेगी। नई दिल्ली से 7 एवं 8 मार्च को चलने वाली 12554 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग समस्तीपुर-बरौनी-खगड़िया के स्थान पर परिवर्तित मार्ग समस्तीपुर-सिंघियाघाट-खगड़िया के रास्ते चलाई जायेगी। टाटानगर से 7 एवं 8 मार्च को चलने वाली 18181 टाटानगर-थावे एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बरौनी-समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर-छपरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बरौनी-बछवारा-शाहपुर पटोरी-हाजीपुर-छपरा के रास्ते चलाई जायेगी।

नई दिल्ली से 7 एवं 8 मार्च को चलने वाली 02564 नई दिल्ली बरौनी विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-बरौनी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग हाजीपुर-शाहपुर पटोरी-बरौनी के रास्ते चलाई जायेगी। बरौनी से 8 एवं 9 मार्च को चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी निर्धारित मार्ग बरौनी-समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बरौनी-शाहपुर पटोरी-हाजीपुर के रास्ते चलाई जायेगी। गोरखपुर से 8 एवं 9 मार्च को चलने वाली 15028 गोरखपुर-हटिया एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-बरौनी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग हाजीपुर-शाहपुर पटोरी-बछवारा-बरौनी के रास्ते चलाई जायेगी। अमृतसर से 7 एवं 8 मार्च को चलने वाली 15708 अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग समस्तीपुर-बरौनी-बेगूसराय-खगड़िया के स्थान पर परिवर्तित मार्ग समस्तीपुर-सिंघियाघाट-खगड़िया के रास्ते चलाई जायेगी। गोरखपुर से 8 मार्च को चलने वाली 15048 गोरखपुर-कोलकाता एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-बरौनी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग हाजीपुर-शाहपुर पटोरी-बरौनी के रास्ते चलाई जायेगी।

आसनसोल से 8 मार्च को चलने वाली 13507 आसनसोल-गोरखपुर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग बरौनी-समस्तीपुर-मुजफ्फरपुर-हाजीपुर के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बरौनी-शाहपुर पटोरी-हाजीपुर के रास्ते चलाई जायेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 7 मार्च को चलने वाली 15530 आनन्द बिहार टर्मिनस-सहरसा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग समस्तीपुर-बरौनी-बेगूसराय-खगड़िया के स्थान पर परिवर्तित मार्ग समस्तीपुर-सिंघिया घाट-खगड़िया के रास्ते चलाई जायेगी।

# दंगाइयों के लिए काल है हमारी पुलिस

- यूपी के कई जिलों को मिली साइबर सेल की सौगात
- थाना, चौकी और सड़क पर जनता के साथ अच्छा व्यवहार करें पुलिसकर्मी



**लखनऊ ।** अब से कुछ देर पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने पुलिस विभाग के सुधार और उनकी सुविधाओं को लेकर 3 हजार 114 करोड़ रूपये से अधिक धनराशि के 64 निर्माण कार्यो का शिलान्यास एवं 188 करोड़ 77 लाख रूपये की धनराशि से निर्मित 84 गृह विभाग के विभिन्न शासकीय भवनों का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारी यूपी पुलिस दंगाइयों के लिए काल है। उन्होंने कहा कि चाहे महाकुम्भ का आयोजन हो या फिर अयोध्या में राम मंदिर की शुरुआत आपने हर चुनौती का सामना किया और आयोजनों को सफल बनाया। उन्होंने कहा कि आज के इस लोकार्पण और शिलान्यास का मकसद हमारी पुलिस को और बेहतर बनाना है। सीएम योगी ने कहा कि आज से सात वर्ष पूर्व हमारे जवान जर्जर भवनों में रहने को मजबूर थे। यहाँ पुलिस कर्मी तो थे लेकिन कई जिलों में पुलिस लाइन तक नहीं बनी थी। हमारे जवान ड्यूटी के बाद खस्ता हाल इमारतों में रहने को मजबूर थे। सीएम योगी ने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था के प्रयास से ही आज यूपी नंबर एक बना है। प्रदेश की कानून व्यवस्था में बड़ा परिवर्तन आया है जिससे कि प्रदेश की छवि बदली है। पहले यूपी के लोगों के सामने पहचान का संकट था अब बाहर जाने पर प्रदेश के लोगों को सम्मान की नजरों से देखा जाता है। उन्होंने कहा कि खराब कानून व्यवस्था के कारण पहले कोई यूपी में आना नहीं चाहता था अब दुनिया भर से निवेशक प्रदेश में आ रहे हैं क्योंकि अब उनकी जान और माल सुरक्षित है और रोजगार के अवसर भी मिल रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में साइबर थाने और पुलिस लाइन का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में सबसे ऊंची इमारत पुलिस विभाग की है जिसमें हमारे जवान रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में यूपीएसएसएफ की स्थापना की गई है। साथ ही जिन पीएसी कंपनियों को बंद किया गया था उन्हें दोबारा कार्यशील करने का काम हमारी सरकार ने किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस को थाना, चौकी और सड़क पर आमजन के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। लोकतंत्र में संवाद से बड़ी समस्या का भी समाधान हो जाता है। पुलिस वर्दी में प्यार से बात करेंगे तो लोग खुश होते हैं। गाली देने से गलत संदेश जाता है। यह नये भारत के नये यूपी की आधुनिक पुलिस है। यूपी के बदलाव में पुलिस की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने जिले तो बना दिए लेकिन पुलिस लाइन नहीं बनाई। शरीर से आत्मा को निकाल दिया जाए, पुलिस को ऐसा बना दिया गया था। मैंने लखनऊ की पुलिस लाइन में बैरकों की दुर्दशा को देखने के बाद बेहतर सुविधाएं देने का निर्देश दिया था। राज्य सरकार इसके लिए करीब 20 हजार करोड़ रुपये दे चुकी है। हमने पारदर्शी तरीके से पुलिस में 1.60 लाख भर्तियां की। इतनी भर्ती करने वाला यूपी देश का पहला राज्य है। वहीं 1.50 लाख से अधिक पुलिसकर्मियों को प्रोन्नति दी। पहले प्रोन्नति देने में भी भेदभाव होता था। हम ट्रेनिंग की क्षमता को तीन गुना बढ़ा चुके हैं। हर पीएसी वाहिनी में भी इसका विस्तार कर रहे हैं, ताकि अन्य प्रदेशों के पुलिस बल भी यहां ट्रेनिंग ले सकें।

## राऊज एवेन्यू कोर्ट का फैसला

# डॉक्टर सुसाइड मामले में आप विधायक दोषी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने डॉक्टर सुसाइड मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के देवली से विधायक प्रकाश जारवाल को दोषी करार दिया है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने यह फैसला सुनाया है। इस मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद स्पेशल जज एमके नागपाल ने 8 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में दिल्ली पुलिस की ओर से मनीष रावल, आरोपित प्रकाश जारवाल की ओर से वकील एसपी कौशल, आरोपितों कपिल नागर और हरीश कुमार की ओर से वकील रवि द्राल ने दलीलें रखी थीं। इस मामले में 25 अगस्त 2023 को दोनों पक्षों की ओर से गवाहों के बयान पूरे हो गए थे।

11 नवंबर 2021 को कोर्ट ने इस मामले के आरोपितों के खिलाफ आरोप तय किया था। कोर्ट ने हरीश जारवाल को सुसाइड के लिए उकसाने के आरोपों से बरी कर दिया था। कोर्ट ने प्रकाश जारवाल और कपिल नागर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 386, 384, 506 और 120बी के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने आरोपी हरीश जारवाल को धारा 306 और 386 के आरोपों से मुक्त कर दिया जबकि धारा 506 का आरोप तय करने का आदेश दिया था। 28 अगस्त 2021 को दिल्ली पुलिस ने प्रकाश जारवाल समेत तीन आरोपितों के खिलाफ पूरक चार्जशीट दाखिल किया था। इस मामले में प्रकाश जारवाल के अलावा कपिल नागर और हरीश कुमार जारवाल को आरोपित बनाया गया था। उल्लेखनीय है कि 18 अप्रैल 2020 को डॉक्टर राजेंद्र सिंह ने अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी की थी। पुलिस ने डॉक्टर के यहां दो पेज का एक सुसाइड नोट बरामद किया था। सुसाइड नोट में प्रकाश जारवाल और कपिल नागर को जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने एक डायरी भी बरामद की थी। जिसमें डॉक्टर के कुछ पानी के टैंकर जल बोर्ड में चलने की बात कही गई थी। डायरी में उन टैंकर्स के लिए प्रकाश जारवाल पर पैसे मांगने का आरोप लगाया गया था।

# भारतीय नौसेना ने पोरबंदर में 3,300 किलोग्राम जब्त किया ड्रग्स



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक संयुक्त अभियान में गुजरात तट के पास से एक ईरानी नौका से पांच विदेशियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 3,300 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया है। एनसीबी ने बुधवार को कहा। नौसेना, गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते और एनसीबी का यह संयुक्त अभियान अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) से सटे अरब सागर में चलाया गया था। जब्त की गयी खेप में चरस, मेथामफेटामाइन और मॉर्फिन शामिल है, जो भारत में प्रतिबंधित हैं। अधिकारियों ने बताया कि जब्त किये गये मादक पदार्थों में 3,089 किलोग्राम चरस, 158 किलोग्राम च्मेथामफेटामाइनज् और 25 किलोग्राम च्मॉर्फिनज् शामिल हैं। इसकी कीमत 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा होने का अनुमान है। टीम ने ड्रग्स पैडलिंग करने वाले 5 विदेश पैडलर्स को भी गिरफ्तार कर लिया है। पैडलर्स के ईरानी या पाकिस्तानी नागरिक होने की आशंका जताई जा रही है। पोस्ट में कहा गया, निगरानी मिशन पर तैनात पी81एलआरएमआर विमान की ओर से इस बारे में सूचना मिली और एनसीबी ने भी इसकी पुष्टि की, जिसके बाद भारतीय नौसेना के मिशन तैनात युद्धपोत को संदिग्ध नौका रोकने और पकड़ने के लिए मोड़ दिया गया।

- **गृह मंत्री ने नौसेना, एनसीबी और गुजरात पुलिस को इस सफलता पर दी बधाई**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी), नौसेना और गुजरात पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में 3,132 किलोग्राम मादक पादर्थ की एक बड़ी खेप को जब्त करने में सफलता प्राप्त की। शाह ने कहा कि यह ऐतिहासिक सफलता देश को मादक पदार्थ मुक्त बनाने की दिशा में मोदी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। गृह मंत्री ने %एक्स% पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के %मादक पदार्थ मुक्त भारत% के दृष्टिकोण के अनुरूप एजेंसियों ने मादक पदार्थ की बड़ी खेप को जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। शाह ने कहा कि एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में 3,132 किलोग्राम मादक पदार्थ की एक बड़ी खेप जब्त की है। यह ऐतिहासिक सफलता हमारे देश को मादक पदार्थ मुक्त बनाने के दिशा में हमारी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। इस अवसर पर मैं एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस को बधाई देता हूं।

## हिमाचल में बागी विधायकों की सदस्यता पर लटकी तलवार

**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के छह बागी विधायकों की सदस्यता पर तलवार लटक गई है। दल-बदल कानून के तहत विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के समक्ष याचिका दाखिल की है। इसमें विधायकों की सदस्यता को चुनौती दी गई है। इसमें बड़ी बात यह है कि विस अध्यक्ष ने तुरंत ही विधायकों को नोटिस जारी कर सुनवाई शुरू कर दी है। उधर, बागी विधायकों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से ये मांग उठाई है कि जवाब के लिए कम से कम सात दिन का समय दिया जाना चाहिए था, लेकिन विस अध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत में स्पष्ट तौर पर कहा कि आदेश तुरंत जारी कर दिए जाएंगे।दरअसल, सत्ता पक्ष ने व्हिप जारी किया हुआ था। बागी विधायक करीब 12 बजे सदन में तो पहुंचे, लेकिन विस अध्यक्ष के पहुंचने से पहले ही चले गए।

# सरकार की निगाह में किसानों की विशेष जगह



नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्ववाली वर्तमान केंद्र सरकार की निगाह में देश के किसानों और कृषि का एक विशेष स्थान है और सरकार खेती-किसानी की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देती है। श्री मुंडा ने यहां देश में कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा के शीर्ष निकाय भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की 95वीं वर्षिक आम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत कृषि क्षेत्र में प्रगति के चलते आज 80 करोड़ लोगों को मुफ्त आनाज दे रही है। उन्होंने दलहन और तिलहन में मांग की तुलना में उत्पादन की अभी कमी की स्थिति की ओर संकेत करते हुए कहा कि भारत आने वाले समय में ऐसे उत्पादों के क्षेत्र में भी आत्म निर्भरता की ओर बढ़ेगा। श्री मुंडा ने कहा कि अन्य खाद्य खाद्य वस्तुओं के क्षेत्र में भी हम आने वाले समय में अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लक्ष्य की ओर बढ़ सकेंगे। श्री मुंडा आईसीएआर के अध्यक्ष भी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार की ओर से कृषि एवं किसानों को एक प्रमुख वर्ग मान कर उनकी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी गयी है। उन्होंने कहा कि आत्म निर्भर भारत के संकल्प को किसानों की आत्मनिर्भरता के साथ पूरा करने का संकल्प है। कार्यक्रम में केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह, कृषि राज्य मंत्री एवं आईसीएआर के उपाध्यक्ष कैलाश चौधरी, आईसीएआर के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक तथा उत्तर प्रदेश और नगालैंड के कृषि विभाग के मंत्रियों ने भी संबोधित किया। कृषि मंत्री ने देश में कृषि एवं संबंधित व्यावसायों के विकास में आईसीएआर की भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस संस्थान के योगदान से भारतीय कृषि क्षेत्र में बड़ी तरक्की की है। श्री मुंडा ने मत्स्य सम्पदा जैसे क्षेत्रों को बड़ी संभावनाओं के क्षेत्र बताया, लेकिन कहा कि जलवायु परिवर्तन, मृदा क्षरण और हरित-क्रांति के दौर में (रसायनों आदि के प्रयोग से) 'जाने-अनजाने हुए दुष्प्रभावों' को दूर करने की चुनौती है।

# पुलिस कस्टडी में है शाहजहां शेख को मिल रही 5 स्टार सुविधाएं

- शुभेंदु अधिकारी का बड़ा दावा

**कोलकाता।** भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को दावा किया कि संदेशखाली में कई महिलाओं ने जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न का आरोपी तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख पुलिस की कस्टडी में है। उन्होंने पर एक पोस्ट में कहा कि कल रात से राज्य पुलिस की सुरक्षित हिरासत में हैं। शुभेंदु अधिकारी ने ट्वीट करते हुए कहा कि शेख शाहजहां को प्रभावशाली मध्यस्थों के माध्यम से ममता पुलिस के साथ एक समझौते पर बातचीत करने में कामयाब होने के बाद बरमाजुर-द्वितीय ग्राम पंचायत क्षेत्र से दूर ले जाया गया, जिससे उसकी पुलिस और न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान उनकी उचित देखभाल की जाएगी। उन्होंने कहा कि सलाखों के पीछे रहने के दौरान उन्हें फाइव स्टार सुविधाएं दी जाएंगी और एक मोबाइल फोन तक उनकी पहुंच होगी, जिसके माध्यम से वह वस्तुतः टोलमूल पार्टी का नेतृत्व करने में सक्षम होंगे। यहां तक कि वुडबर्न वार्ड में एक बिस्तर भी उनके लिए तैयार और खाली रखा जाएगा। अगर वह वहां कुछ समय बिताना चाहता है तो उससे संपर्क करें। शेख 5 जनवरी से फरार हैं, जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों की एक टीम, जो एक कथित राशन घोटाले के सिलसिले में उनके परिसर की तलाशी लेने गई थी, पर उनके समर्थकों ने कथित तौर पर हमला किया था।

# सीतापुरः बिजली चोरी में फंसे ग्राम प्रधान

- अलबदा गाँव में चला सघन बिजली चेकिंग अभियान
- आठ बकायेदारो के टीम ने उतारे मीटर



**अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** सिधौली ब्लॉक की ग्राम पंचायत अलबदा में बिजली विभाग की टीम ने बुधवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने छापेमारी कर अलबदा की ग्राम प्रधान जन्नतुननिशां के घर बिजली चोरी पकड़ी। इसके अलावा टीम ने आठ बकायेदारो के मीटर उतारने की कार्रवाई की।

अवर अभियन्ता ने बताया कि बिजली चोरी में पकड़े गये लोगो के विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। बिजली विभाग के जेई आकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में गंधौली फीडर के विद्युत कर्मियों ने अलबदा गाँव में सघन चेकिंग अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान टीम ने ग्राम प्रधान जन्नतुननिशां के घर कटिया डाल कर बिजली चोरी करते पाया। इसके अलावा आठ बकायेदारो के घरो से मीटर उतारे जाने की कार्रवाई भी की गई। अवर अभियन्ता ने बताया कि कुछ दिन पूर्व बकाया विद्युत बिलो की वसूली में प्रधान पति साबित अली, इजहार अली, रहमत अली, सगीर अली, वहाजुद्दीन, जमील, फक्ररूद्दीन व गया प्रसाद के कनेक्शन विच्छेदित किये गये थे। इसके बाद भी इन सभी लोगो ने बकाया बिजली बिल नहीं जमा किया था, जिस पर इन सभी के मीटर उतारे जाने की कार्रवाई की गई। जेई ने बताया कि बिजली चोरी करते पकडे गये लोगो के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

- **दबंगई को लेकर चर्चित है प्रधान पति साबित**

अलबदा प्रधान के घर हुई कार्रवाई इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत प्रधान जन्नतुननिशा के पति अपनी दबंगई दिखाते हुए लोगों पर रौबा झाड़ते है, इससे पूर्व भी प्रधान अपने घर सहित अन्य स्थलों पर बिजली चोरी के आरोपो से घिरे रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि जब गांव का मुखिया ही चोरी करेगा तो आम लोगो से क्या उम्मीद की जा सकती है?

# उप्र का रामराज्य दलित, पिछड़े, आदिवासियों के लिए है मनुराजः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा है कि राज्य में दलितों, पिछड़ों, महिलाओं और आदिवासियों पर अत्याचार हो रहा है और उनके लिए उत्तर प्रदेश में रामराज्य नहीं बल्कि %मनुराज% चल रहा है। कांग्रेस के असंगठित क्षेत्र के वर्कर्स तथा कर्मचारी संगठन के प्रमुख डॉ. उदित राज ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा का रामराज्य पिछड़ों, दलितों, महिलाओं तथा आदिवासियों के लिए मनुराज है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के रामपुर स्थित बड़ागांव में कुछ अधिकारी पुलिस फ़ोर्स और दबंगों के साथ पहुंचे थे। जहां दलित छात्र सुमेश कुमार की हत्या कर दी गई। उनकी गलती यही थी कि ये गड्ढे को पाटकर बाबा साहेब का बोर्ड लगाना चाह रहे थे। उप्र में इस तरह का जुल्म जारी है। राज्य में कई सालों बाद करीब 60,000 पदों पर पुलिस कांस्टेबल की भर्ती आई थी। इस भर्ती का पेपर लीक करा दिया गया ताकि रेगुलर भर्ती न हो और लोकसभा चुनाव बीत जाने के बाद भर्ती न की जाए।कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा सरकार सरकारी नौकरियों की सबसे बड़ी दुश्मन है। क्योंकि जब दलित- पिछड़े वर्ग के छात्र शासन-प्रशासन में आते हैं तो इन्हें तकलीफ होती है। हमारी मांग है कि- रामपुर में दलित छात्र की हत्या के मामले में जांच हो, दोषियों पर सख्त एक्शन हो, क्योंकि एसडीएम की मौजूदगी में गोली मारा जाना स्टेट टेररिज्म है।

# सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है सरकार:केशव



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि तथागत बुद्ध के दिखाए गए अहिंसा, प्रेम व करूणा के मार्ग से विश्व शांति एवं राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा मिलती है।भगवान बुद्ध करुणा के अवतार के रूप में विश्व पटल पर स्वीकार्य हैं।डबल इंजन सरकार तथागत बुद्ध से जुड़े स्थानों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है।केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान गोमतीनगर लखनऊ में आयोजित संस्थान के स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने इस अवसर पर ÷बौद्ध अनुशीलन में पंचशीलन÷ विषय पर आयोजित परिचर्चा में, जहां भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन व आदर्शो पर विस्तार से प्रकाश डाला, वहीं भगवान बुद्ध के आदर्शो को जीवन्त व कालजयी बनाये रखने के लिए डबल इंजन सरकार द्वारा किये गए उल्लेखनीय व सकारात्मक कार्यों की विस्तार से चर्चा की। उप मुख्यमंत्री ने तथागत भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन के प्रचार - प्रसार, और उनकी प्रेरक स्मृतियों की याद ताजा बनाए रखने के लिए मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रतिबद्धताओं का बखान करते हुए, इस सन्दर्भ में सरकार द्वारा प्रदेश,देश व दुनिया में किये कार्यों का भी वर्णन किया। इस अवसर पर उन्होंने ÷धम्मपदं÷ नामक पुस्तक का विमोचन भी किया और खुशी फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या, मथुरा व काशी की तरह भगवान बुद्ध से जुड़े स्थानों का विकास किया जा रहा है।भगवान बुद्ध शान्ति व अहिंसा के पुजारी थे।मोदी जी के नेतृत्व में भगवान बुद्ध के सपनों के अनुरूप भारत का निर्माण हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि देश में युवा, महिलायें, गरीब व किसान चार जातियां हैं , कहा कि सबको साथ लेकर चलने के लिए भगवान बुद्ध के आदर्शों को अपनाना ही होगा, और इन्हीं आदर्शो को आत्मसात करते हुए सरकार द्वारा सबका साथ- सबका विकास,- सबका -सबका प्रयास और सबका विश्वास के मूल मंत्र को अपनाते हुए सबको सम्मान और सबको उचित स्थान दिये जाने का कार्य किया जा रहा है।

# हथूरी गाँवः आवास, मुआवजे के लिए तहसील में दलितों का प्रदर्शन

- 10 फरवरी को तहसील प्रशासन ने ढ़हा दिये थे ग्रामीणों पीएम आवास
- तालाब की जमीन पर हुआ था निर्माण, हाईकोर्ट के संज्ञान लेने के बाद हुई कार्रवाई,
- चुनावी रंजिश में बीडीसी गया था हाईकोर्ट, महोली तहसील के हथूरी गांव का मामला




**महोली-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** हाईकोर्ट के आदेश के बाद तहसील प्रशासन की कार्रवाई से बेघर हुए हथूरी गांव के दलित अब आवास और मुआवजे के लिए तहसील परिसर में प्रदर्शन कर रहे हैं। एक संगठन के बैनर तले प्रदर्शन कर रहे दलित जनप्रतिनिधियों के रवैये को लेकर आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि लोकसभा चुनाव में वह नोटा को वोट करेंगे। उन्होंने तहसीलदार पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। महोली तहसील के एलिया ब्लॉक के हथूरी गांव में तालाब की जमीन पर कुछ दलित परिवारों ने पीएम आवास बना रखे थे। बीते पंचायत चुनाव में उनकी रंजिश गांव के ही एक सियासी व्यक्ति से हो गई थी। जो पिछड़ा वर्ग से था। पहले उसने तहसीलदार के न्यायालय से उनकी बेदखली का आदेश लिया और फिर उसी आदेश को हथियार बनाकर हाईकोर्ट चला गया। हाईकोर्ट ने मामले का संज्ञान लिया तो तहसील प्रशासन ने 24 जनवरी को अवैध आक्रमण को आंशिक क्षति पहुंचाते हुए कार्रवाई का कोरम पूरा किया। हाईकोर्ट ने जब मामले को लेकर नाराजगी जाहिर की तो तहसील प्रशासन ने 10 फरवरी को जाकर सरकारी आवासों को बुलडोजर से ढ़हा दिया। जिसके बाद करीब आधा सैकड़ा लोग बेघर हो गए। बीते सप्ताह जब मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ नैमिषारण्य आए थे, तब हथूरी के दलित उनसे मिलने की योजना बना रहे थे। आरोप है कि यह भनक प्रशासन को लग गई तो गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया था। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत पीड़ित परिवार मंगलवार को मोदी राठौर युवा सेना के बैनर तले तहसील पहुंचे। गांव के उनका कहना था कि जिन लोगों के सरकारी आवास गिराए गए हैं, उनके परिवार भुखमरी की कगार पर आ गए हैं। रहने को कोई मकान नहीं है। बच्चे परेशान हो रहे हैं। तहसील प्रशासन गरीबों को सता रहा है जबकि गांव के दबंगों ने करीब 85 बीघा सरकारी जमीन, तालाब आदि पर कब्जा कर रखा है। शिकायत के बावजूद तहसील प्रशासन कार्रवाई करने से कतरा रहा है। प्रदर्शन में शामिल ज्ञानेंद्र राठौर ने बताया कि हथूरी गांव दबंगों की गुलामी की ओर अग्रसर है। तहसील प्रशासन मोदी की गारंटी और योगी की आदेशों का खुला उल्लंघन कर रहा है। प्रधानमंत्री बेघरों को छत दे रहे हैं और योगी सरकारी जमीन पर मकानों को गिराने से पहले उन लोगों को नई जगह बसाने की बात कह रहे हैं लेकिन तहसील प्रशासन अपनी मनमानी कर रहा है। श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन जिन घरों में दीपक जलाए गये थे, दो दिन बाद उन घरों को ही नेस्ते-नाबूत कर दिया गया। आगामी चुनाव में हम लोग राजनीतिक दलों का बहिष्कार करते हुए नोटा को वोट करेंगे। इस मौके पर छोटाई, उमेश, रामेंद्र, अंकित, विमल, सुनील राठौर, जीतेंद्र सहित करीब दो दर्जन लोग मौजूद रहे।